वर्षः 30 || अंक 301 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
26 जनवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

गणतंत्र दिवस

विशेष समाचार | आखिर कबतक जटिल पूर्वाग्रहों ... >>पेज 04 | प्रधान प्रत्याशी की हत्या... >>पेज 06 | 'हम साथ-साथ हैं फिल्म के ...

■ राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित होने के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश की धरा 'ब्रज भूमि' पर पहुंचे श्री नितिन नबीन जी ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संग आध्यात्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम में शिरकत की।

■ डबल इंजन सरकार दोगुनी गति से विकास कार्य कर रही है, मथुरा में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया गया : योगी

### पहली बार उप्र के दौरे पर आए हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष, माननीय मुख्यमंत्री के साथ पहुंचे मंदिर

# यूपी भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन : सीएम योगी

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को वृन्दावन के विश्व प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी के दर पर हाजिरी लगाई। उन्होंने आराध्य के चरणों में शीश झुकाकर विधि- विधान से पूजा-अर्चना की तथा इत्र सेवा की। मंदिर के सेवायतों ने यूपी के मुख्यमंत्री और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा करवाई। दर्शन के बाद मंदिर सेवायतों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को पट्टीका और प्रसाद भेंट किया गया।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री बांके बिहारी जी के दर्शन कर मांगा 'विकसित भारत' का आशीर्वाद




### एक समय पहचान का संकट खड़ा किया था

एक समय प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया। विरासत को लोग कोसते थे। बीमारी राज्य होने के नाते लोगों का दृष्टिकोण भिन्न था। अब प्रदेश भारत की इकोनॉमी का ग्रोथ इंजन बनकर काम कर रहा है। आधी आबादी भी जुड़कर कार्य कर रही है। यही भाजपा के प्रति आम जन का प्रतीक भी है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा और निर्देशन में प्रदेश ने नौ वर्षों में विकास के नए आयाम बनाए हैं।

### डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड से कर रही विकास

दीन दयाल उपाध्याय की पावन भूमि यही मथुरा है। आज उत्तर प्रदेश पीएम मोदी की प्रेरणा से बीमारी राज्य नहीं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का संबल बन रहा है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड के साथ बड़े कार्यों को धरातल पर उतार रही है। बिना भेदभाव के वंचित को शासन की योजना का लाभ समाज के प्रत्येक तबके को दिया जा रहा है। विरासत को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश का नौजवान पहचान का मोहताज नहीं है।

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने ठाकुर जी के समक्ष दीपक प्रज्ज्वलित किया और पुष्प अर्पित किए। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने ठाकुर जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि और 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रार्थना की।



### शंकराचार्य विवाद के बीच यूपी में भाजपा अध्यक्ष का दौरा

दरअसल, भाजपा के नवनिर्वाचित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षक्ष नितिन नबीन का यह दौरा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विवाद के बीच हुआ है. वहीं, माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर के बाहर शनिवार (24 जनवरी, 2026) की शाम में भी हंगामा हुआ था, जहां कुछ अराजक तत्वों पर हंगामा करने के साथ नारेबाजी करने का भी आरोप है।

### सुप्रीम कोर्ट जज बोले जजों का तबादला न्यायपालिका का आंतरिक मामला

पुणे। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने शनिवार को कहा कि जजों का ट्रांसफर न्यायपालिका का आंतरिक मामला है। इसमें सरकार या केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ फैसले देने वाले जजों का तबादला करना न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा हस्तक्षेप है। जस्टिस भुइयां पुणे के ILS लॉ कॉलेज में प्रिंसिपल जीवी पंडित मेमोरियल लेक्चर में शामिल हुए थे। अक्टूबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन का ट्रांसफर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बदलकर इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम के बयान में यह दर्ज था कि यह बदलाव केंद्र सरकार के पुनर्विचार अनुरोध के बाद किया गया। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जस्टिस श्रीधरन सीनियरिटी के आधार पर कॉलेजियम का हिस्सा बनते, जबकि इलाहाबाद हाईकोर्ट में उनकी सीनियरिटी काफी नीचे थी। यह फैसला इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि जस्टिस श्रीधरन की पहचान एक स्वतंत्र जज के रूप में रही है, जिनमें BJP मंत्री विजय शाह के खिलाफ कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर FIR दर्ज करने का आदेश शामिल है।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की जिंदा जलाकर की गई हत्या

### गैराज में सो रहा था, बाहर से आग लगा दी, 40 दिनों में 10 हिंदुओं की हत्या

**शर्मनाक**

■ लोगों ने घटना को दिल दहला देने वाला बताया। स्थानीय दुकानदार राजीब सरकार ने सीसीटीवी का हवाला देकर कहा कि "यह हादसा नहीं था। कैमरे में दिखा कि कई लोग जानबूझकर शटर को आग लगाते हैं।"


मृतक चंचल की उम्र 23 साल थी, वो एक गैराज में काम करता था।

तमसा संकेत, एजेंसी

ढाका । बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव शुक्रवार रात एक गैराज के अंदर मिला। परिवार ने इसे सोची-समझी साजिश बताया है। घटना नरसिंदी शहर के पुलिस लाइंस से सटे मस्जिद मार्केट इलाके में हुई। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग तेजी से अंदर फैल गई। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 को मैमनसिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले- काफी देर तक तड़पता रहा चंचल

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चंचल आग में फंसा रहा और काफी देर तक तड़पता रहा। वह मदद के लिए चीख रहा था, लेकिन बाहर से शटर लॉक था। उसे निकलने का रास्ता नहीं मिला। लोकल लोगों की सूचना पर फायर सर्विस पहुंची और आग बुझाने में करीब एक घंटे लगे, लेकिन चंचल पूरी तरह जल चुका था, मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# पद्म पुरस्कारों का ऐलान

### धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को पद्मश्री सम्मान, शिबू सोरेन-अलका याग्निक को पद्म भूषण

**ऐलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री शामिल हैं। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक को पद्म भूषण दिया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी प्लेयर सविता पूनिया पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।




### गफरुद्दीन मेवाती 'पांडुन का कड़ा' के इकलौते गायक

राजस्थान के डीग जिले के रहने वाले गफरुद्दीन मेवाती जोगी भपंग वादक और 'पांडुन का कड़ा' गायक हैं। वे पांडुन का कड़ा के इकलौते लोक गायक हैं। गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। उन्होंने देश-विदेश में कई जगह भपंग वादन और पांडुन का कड़ा की प्रस्तुतियां दी हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)


■ शुभांशु शुक्ला एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन हैं। वह पिछले साल अंतरिक्ष में गए थे।

### एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र सेना के 3 अफसरों को कीर्ति चक्र

गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। एस्ट्रोनॉट और एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं तीन अधिकारियों को कीर्ति चक्र और 13 को शौर्य चक्र दिया जाएगा। इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़ें कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में 45 वीरता पदक

सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं। यहां ऑपरेशन थिएटर का मतलब वह जगह या इलाका, जहां लंबे समय तक आतंकवाद, घुसपैठ के खिलाफ और कानून-व्यवस्था से जुड़े ऑपरेशन चलते रहते हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के 35 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात 5 कर्मियों को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फायर ब्रिगेड सर्विस के 4 बचावकर्मियों को भी वीरता पदक के लिए चुना गया।

**केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सीआरपीएफ एकमात्र फोर्स है जिसे 12 पदकों के साथ वीरता पुरस्कार मिले हैं। सीबीआई के 31 अधिकारियों को प्रेसिडेंट मेडल और मेरिटोरियस मेडल से मिले हैं। इनमें आरजी कर रेप-मर्डर केस की जांच करने वाले सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर वी चंद्रशेखर भी शामिल हैं। चंद्रशेखर ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के रेप-मर्डर केस की जांच की थी।**

**फास्ट न्यूज**

### दूषित पानी से कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष की मौत

इंदौर । इंदौर में दूषित पानी से 28वीं मौत हुई है। भागीरथपुरा निवासी रिटायर्ड शिक्षक राजाराम बौरासी (75) ने रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बौरासी कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष भी थे।

**श्रद्धांजलि कार्यक्रम**

### स्टालिन बोले- तमिलनाडु में हिंदी के लिए कोई जगह नहीं

चेन्नई । तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और DMK अध्यक्ष एम के स्टालिन ने तमिल भाषा शहीद दिवस पर रविवार को राज्य के भाषा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यहां हिंदी के लिए कभी भी कोई जगह नहीं होगी।

उन्होंने आगे कहा कि हम इसे थोपने का हमेशा विरोध करेंगे। तमिल भाषा के लिए हमारा प्यार कभी नहीं मरेगा। स्टालिन ने कहा कि जब भी हिंदी को हम पर थोपा गया, इसका उसी तेजी से विरोध भी किया गया। CM ने कहा कि मैं उन शहीदों को कृतज्ञतापूर्वक सम्मान देता हूं जिन्होंने तमिल के लिए अपनी कीमती जान दे दी।

# राजस्थान में 26 जनवरी से पहले 9500 किलो विस्फोटक पकड़ा

### अमोनियम नाइट्रेट खेत में रखा था, दिल्ली ब्लास्ट में इसी का इस्तेमाल हुआ था

**दबिश**

तमसा संकेत, एजेंसी

नागौर । राजस्थान के नागौर में पुलिस ने 26 जनवरी से पहले एक खेत से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। थांवला थाना इलाके के हरसौर गांव की सरहद में शनिवार रात पुलिस ने दबिश दी। यहां 187 कट्टों (बोरियों) में 9,550 किलो अमोनियम नाइट्रेट रखा मिला। नागौर एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि मौके से सुलेमान खान (50) को गिरफ्तार किया गया है। वह हरसौर का रहने वाला है और उस पर पहले से 3 केस दर्ज हैं।

दरअसल अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में भी किया गया था। उस ब्लास्ट से एक दिन पहले, 9 नवंबर को आतंकी मॉड्यूल से जुड़ी छापेमारी में करीब 3 हजार किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया था। एसपी ने बताया मौके से करीब 9550 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया है, जिसे 187 कट्टों में भरकर रखा गया था।



### केंद्रीय एजेंसियां भी करेगी पूछताछ

एसपी ने बताया कि अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी वैध-अवैध माइनिंग करने वालों को विस्फोटक बेचता था। हालांकि विस्फोटक मिलने की सूचना केंद्रीय एजेंसियों को भी दी गई है। वे भी सुलेमान से आकर पूछताछ करेंगी।

**गौरव : राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी**

# बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर रिकॉर्ड बनाया : मुर्मू

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । 77वां गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ये उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस साल गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने का उत्सव भी मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस का यह पवित्र दिन हमें देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर सोचने और समझने का मौका देता है। समय के साथ हमारे देश की हालत बदली है। भारत आजाद हुआ और हम खुद अपने देश के भविष्य को तय करने वाले बने। उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेल-कूद में हमारी बेटियों ने रिकॉर्ड बनाए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने ICC क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति कानून से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी। राष्ट्रपति बोलीं हमारी परंपरा में हमेशा पूरी सृष्टि में शांति बनाए रखने की प्रार्थना की जाती रही है। अगर दुनिया में शांति रहेगी तभी मानवता का भविष्य सुरक्षित होगा।



■ भारत विश्व की सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। विश्व में अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।
- द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति

### अवकाश की सूचना

**26 जनवरी 2026 गणतन्त्र दिवस अवसर पर 'तमसा संकेत' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।**

**26 जनवरी 2026, सोमवार को गणतन्त्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व के कारण तमसा संकेत कार्यालय बंद रहेगा।**
**अतः अगला अंक 28 जनवरी 2026 बुधवार को प्रकाशित होगा।**
**-संपादक**

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, हिमाचल में तापमान माइनस 7डिग्री

शिमला/श्रीनगर/देहरादून/नई दिल्ली । जम्मू-कश्मीर की भद्रवाह घाटी में लंबे इंतजार के बाद इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। पटनीटॉप, नथाटॉप, सनासर और बटोटे में भी इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। हिमाचल में बर्फबारी से तापमान और गिर गया है। यहां कुसुमकेरी का तापमान माइनस 7C रहा। हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी के कारण 1291 सड़कें बंद हैं। बर्फ हटाने के लिए 385 मशीनें लगाई हैं। हिमाचल और कश्मीर में 1300 से ज्यादा सड़कों पर से बर्फ हटाने का काम लगातार जारी है।

उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट है। मौसम विभाग ने बताया कि यहां 40-50 किमी/घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। तापमान में 5-6C तक की गिरावट आने की संभावना है।

# सदियों से कष्ट सहते आ रहे थोड़ा और सह लो : चंद्रशेखर

### रैली में कार्यकर्ता भिड़े, धक्का-मुक्की

**अपील**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । आगरा में सांसद चंद्रशेखर आजाद की रैली में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। मंच पर खड़े चंद्रशेखर के सामने ही धक्का-मुक्की होने लगी। मंच पर चढ़ने और चंद्रशेखर की एक झलक पाने के लिए जमकर लात-घूसे चले। हालात इतने बिगड़ गए कि रैली में अफरा-तफरी मच गई। हालात को काबू करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। समर्थकों को लड़ता देख चंद्रशेखर ने माइक संभाला और शांत रहने की अपील करने लगे। कहा कि इतने साल से तो कष्ट सहते आ ही रहे हो, थोड़ा और सह लो। आज पीड़ा सहोगे तो सैकड़ों साल पीड़ा आपके आसपास नहीं आ पाएगी। चंद्रशेखर ने कहा- आज भीड़ देखकर प्रशासन की नींद उड़ गई होगी।




■ चंद्रशेखर आजाद ने आगरा के जीआईसी मैदान में शक्ति प्रदर्शन किया।

# आम आदमी पार्टी की भव्य तिरंगा पदयात्रा

## संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में निकली आप की तिरंगा पदयात्रा

**आयोजन**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी, लखनऊ द्वारा एक भव्य एवं अनुशासित तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा जिला अध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में निकाली गई।

तिरंगा पदयात्रा का शुभारंभ छोटा इमाम बाड़ा से रूमी गेट हुसैनाबाद लखनऊ पहुँची जहाँ पूरे सम्मान और गरिमा के साथ इसका समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराता तिरंगा और "भारत माता की जय", "संविधान बचाओ–लोकतंत्र बचाओ" के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति और जनचेतना से ओतप्रोत रहा। इस तिरंगा पदयात्रा में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी,



कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का भव्य स्वागत किया। शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि "26 जनवरी केवल झंडा फहराने का दिन नहीं, बल्कि सत्ता से सवाल पूछने और संविधान के मूल्यों—समानता, न्याय और भाईचारे—की रक्षा का संकल्प लेने का दिन है।" उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि "यदि संविधान और लोकतंत्र पर किसी भी तरह का हमला हुआ, तो आम आदमी पार्टी सड़कों से लेकर सदन तक जनता की आवाज बनेगी।"कार्यक्रम के अंत में रूमी गेट पर सामूहिक राष्ट्रगान के साथ तिरंगा पदयात्रा का शांतिपूर्ण, गरिमामय और ऐतिहासिक समापन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस सोनी, जिला अध्यक्ष इरम रिजवी के साथ शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह सहित, निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल,प्रखर श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष वैभव प्रकाश , ज्ञान सिंह कुशवाहा,बलराम साहनी,सुधीर पटेल,पीके बाजपेई, अनुज पाठक, राजेन्द्र राजश्री, बीएन खरे, नूर सिद्दकी,सलमान,फुरकान, फरजाना, नाज़िश, राम लाल बाल्मीकि, आसिम नगरानी, प्रितपाल सलूजा, सईद, मनु वर्मा, चदनी, अंगद,अनिल जैन, राजकुमार वर्मा , मुकेश शुक्ला मजीद,अंशुमान, मनीष,दीपक,अमन सहित आम आदमी पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### संविधान को कमजोर करने की कोशिश

प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस सोनी इस अवसर पर कहा कि "आज देश में राष्ट्रवाद के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं। आम आदमी पार्टी स्पष्ट कहना चाहती है कि तिरंगे का सम्मान तभी सार्थक है, जब संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहें।" उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान देश के गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आम नागरिक की ढाल है।

"जो लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, वे असल में आम जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं।"



> जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने कहा कि "आज महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जनता को बांटने की राजनीति की जा रही है। आम आदमी पार्टी ऐसी राजनीति का पुरजोर विरोध करती है और जनहित की राजनीति को आगे बढ़ाती रहेगी।"

# पुलिस चौकी के पास कारोबारी को थार से कुचला

## 25 मिनट तक दोनों पैरों पर पहिया चढ़ाए रखा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के विभूति खंड थाना क्षेत्र में दबंगों ने पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर कारोबारी को थार से कुचल दिया। करीब 25 मिनट तक कारोबारी के दोनों पैरों पर गाड़ी चढ़ाए रखा। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से उसे थार के पहिया के नीचे से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। गंभीर अवस्था में उसका उपचार चल रहा है। घटना समिट बिल्डिंग परिसर की है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश कर रही है। सरोजनीनगर के न्यू गुडोरा निवासी मोरंग कारोबारी पवन पटेल गुरुवार रात अपने दोस्त प्रशांत सचान और अन्य साथियों के साथ समिट बिल्डिंग स्थित क्लब में पार्टी करने पहुंचे। रात करीब 1 बजे सभी पार्किंग से बाहर निकल रहे थे, तभी परिसर में खड़ी थार और एक अन्य



कार में सवार युवक आपस में झगड़ा करते दिखे। पवन के मुताबिक, उन्होंने झगड़ा कर रहे युवकों को समझाने की कोशिश की तो वे भड़क गए और मारपीट शुरू कर दी। उनके दोस्त प्रशांत की चेन लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर उन्हें थार से टक्कर मार दी और भागने लगे। आरोपियों को भागता देख प्रशांत ने सुरक्षा गार्ड से गेट बंद करने को कहा। इस पर आरोपी और उग्र हो गए।

**फास्ट न्यूज**

### 'सीसीटीवी चेक करने वाला स्टाफ दिल्ली गया है'

लखनऊ । लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर स्थित गंगोत्री बिहार फेस-2 में एक बंद मकान में चोरी हो गई। चोरों ने नकदी और जेवरात समेत करीब 4.45 लाख की चोरी की। पीड़ित ने चौकी इंचार्ज से कई बार शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने समय पर CCTV फुटेज तक नहीं चेक की।

### शराब में धुत युवक को सोते समय पीटकर मार डाला

मोहनलालगंज । लखनऊ में नहर किनारे 22 जनवरी को मिले युवक के शव मामले का खुलासा हो गया है। उसे अंडे का ठेला लगाने वाले ने लोहे के पाइप से पीट-पीटकर मार डाला था। उससे मृतक का अक्सर झगड़ा होता रहता था। उस दिन वह ठेले पर अंडा खाने और शराब पीने के बाद वहीं सो गया। जब सब लोग वहां से चले गए तो अंडा दुकानदार ने उसे सोते समय पीटकर जान से मार दिया।

मामला नगराम थाना क्षेत्र के गुलालखेड़ा का है। पुलिस ने हत्या के आरोपी अंडा दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है।

### लुटेरों ने लखनऊ में 5 मिनट में 2 मोबाइल छीना

लखनऊ । राजाजीपुरम इलाके में शुक्रवार रात लुटेरे पांच मिनट के अंदर दो मोबाइल छीनकर फरार हो गए। युवक घर के पास टहल रहा था। इस दौरान बाइक से दो लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया। भागने के दौरान रास्ते में एक अन्य युवक का मोबाइल छीनकर भाग निकले। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

# मां की डांट से नाराज बेटे ने जान दी छत से कूदकर भागा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में 20 साल के लड़के ने जान दे दी। शराब पीकर आने पर मां ने डांट दिया था। जिसके बाद वह छत से कूदकर बाहर गया और जहर खा लिया। दोस्तों को फोन करके बोला- मैंने जहर खा लिया।

घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर बेहोशी की हालत में मिला। दोस्त और परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। उसके कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा है- सॉरी मम्मी पापा, अब मैं इस दुनिया में जीने के लायक नहीं। मम्मी आई लव यू। अपना और तनु का ख्याल रखना।

मामला शनिवार रात का ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के रहमतगंज का है। मृतक की पहचान हिमांशु शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों ने बताया कि हिमांशु शराब पीकर घर आया था। इस पर



मृतक हिमांशु

उसकी मां रश्मि पाल ने उसे डांट दिया। मां की डांट से नाराज होकर हिमांशु शराब के नशे में घर से निकल जाने की बात करने लगा। मां ने दरवाजा बंद कर दिया। जिसके बाद वह छत पर गया और वहां से कूदकर बाहर निकल गया।

इसके बाद उसने अपने दोस्तों को फोन करके कहा कि उसने जहर खा लिया है। यह सुनते ही दोस्त घबरा गए और उसे ढूंढते हुए फैजुल्लागंज पहुंचे, वहां वह बेहोश मिला। परिजनों की मदद से उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

हिमांशु डिलीवरी बॉय था। परिवार में पिता अजय पाल हैं।

## मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

# विकास, विरासत और विश्वास का प्रदेश, उत्तर प्रदेश : केशव प्रसाद

- सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी गई मन मोहक प्रस्तुतियां
- दिल्ली-एनसीआर में रह रहे उत्तर प्रदेश के विशिष्ट व्यक्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु किया गया सम्मानित



**विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर दिल्ली हाट में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का हुआ भव्य आयोजन**

**उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कुंभ पर आधारित कॉफी टेबल बुक का किया गया विमोचन**



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने तथा प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित दिल्ली हाट में "विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश" की थीम पर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य आयोजन शनिवार को किया गया।

इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, पर्यटन, कला, परंपराओं एवं सामाजिक योगदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस का यह आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन संभावनाओं तथा वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का दिल और आत्मा है। प्रदेश

### 'संभावनाओं से भरपूर प्रदेश'

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से 2026 तक उत्तर प्रदेश ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह संभावनाओं से भरपूर प्रदेश है। यह वही उत्तर प्रदेश है जो रामकृष्ण, गौतम बुद्ध और महावीर की ज्ञान-भूमि रहा है, जहाँ बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी, भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या तथा तीर्थराज प्रयाग स्थित है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में प्रत्येक वर्ष माघ मेला तथा कुंभ जैसे विश्वविख्यात आयोजनों में करोड़ों श्रद्धालु देश-विदेश से आते हैं।

सरकार द्वारा वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जा रहा है और 24 जनवरी प्रदेश के लिए ऐतिहासिक महत्व का दिन है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बीते लगभग 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

# पहले भ्रष्टाचार, अब पारदर्शिता : योगी

## 944.55 करोड़ की छात्रवृत्ति सीधे खातों में

- मुख्यमंत्री बोले-पहले नियत साफ नहीं थी, आज व्यवस्था जवाबदेह है
- मंत्रीगण और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ । राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित जुपिटर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न वर्गों के पात्र छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में 944.55 करोड़ की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले सरकारों की नीयत साफ नहीं रहती थी। अपने-पराए का भेद किया जाता था और परिवारवाद के कारण योजनाएं सही लोगों तक नहीं



पहुंच पाती थीं। अगर योजना ऊपर से निकल भी जाती थी तो नीचे भ्रष्ट तंत्र उसे रोक लेता था। उन्होंने कहा कि पैसा देकर नौकरी पाने वाले अफसर गरीबों का हक मारते थे, जिसका सबसे बड़ा नुकसान मेधावी और गरीब छात्रों को होता था। आज सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी छात्र केवल संसाधनों के अभाव में पढ़ाई से वंचित न रहे। इस अवसर पर पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और विभागीय अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे छात्रवृत्ति का उपयोग केवल पढ़ाई और कौशल विकास में करें, ताकि प्रदेश को एक सशक्त और आत्मनिर्भर युवा पीढ़ी मिल सके।

> मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले तक मेहनती और योग्य छात्र भ्रष्टाचार की वजह से छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते थे, लेकिन आज व्यवस्था पारदर्शी है और लाभ सीधे पात्र के खाते में पहुंच रहा है।

### छात्रवृत्ति से बदलेगा विद्यार्थियों का भविष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और भविष्य की नींव है। प्रदेश सरकार शिक्षा को सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का सबसे मजबूत माध्यम मानती है। सरकार की कोशिश है कि गरीब, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज का हर छात्र बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़े और अपनी प्रतिभा के बल पर प्रदेश व देश का नाम रोशन करे।

### तीन विभागों का संयुक्त आयोजन

छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए निरंतर सहयोग प्रदान करना और पढ़ाई के दौरान आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर करना रहा।

# राजधानी में दौड़ी फिल्म गदर के अमरीश पुरी की कार

## 100 साल पुरानी 22 गाड़ियों में लगी रेस

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ की सड़कों पर रविवार को विंटेज कारें दौड़ीं। इस रैली में 100 साल पुरानी 22 विंटेज कार शामिल रहीं। इस दौरान सड़क पर बेहद शानदार नजारा देखने को मिला। इनमें एक कार ऐसी थी, जिस पर अभिनेता अमरीश पुरी फिल्म 'गदर' की शूटिंग के दौरान बैठे थे।

विंटेज कार रैली अवध हेरिटेज क्लब की ओर से गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क से निशातगंज मेट्रो सिटी तक निकाली गई।

रैली में शामिल हुए सीनियर सिटीजन एपी माहेश्वरी बताते हैं- विंटेज कार का कनेक्शन इमोशन से होता है। ये सभी गाड़ियां 100 साल पुरानी हैं, जिनका अपना इतिहास है। कुछ कारें ऐसी हैं, जो फर्स्ट और सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बीच की हैं।

फिल्म गदर की शूटिंग में अमरीश



पुरी जिस गाड़ी में बैठे थे, वह भी इस विंटेज रैली का हिस्सा बनी। कई कारें ऐसी हैं, जो यहां शामिल लोगों की थर्ड जेनरेशन की हैं। इनमें उनके ग्रैंड फादर (नाना-दादा) घूमते थे। इन विंटेज कारों का मेंटेनेंस बहुत महंगा है। कई बार पार्ट्स इंडिया में नहीं मिलते। इन्हें इंग्लैंड से मंगाना पड़ता है। विंटेज कारों में 104 साल पुरानी बेबी ऑस्टिन और 1927 की फोर्ड काफी चर्चित है। एपी माहेश्वरी के पास साल- 1923 की बेबी ऑस्टिन कार है। यह विश्व युद्ध फर्स्ट और सेकेंड के बीच की कार है। उस समय से एपी माहेश्वरी इस कार को संभाल कर रखे हैं।

**प्रदर्शन :** झारखंड ने लखनऊ में 301 रन और पारी से धोया, फॉलोऑन के बाद दूसरी पारी 84 पर सिमटी

# रणजी में यूपी के सफर का शर्मनाक अंत

**निराशा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश का रणजी ट्रॉफी अभियान झारखंड के हाथों करारी हार के साथ खत्म हो गया। इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में झारखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 6 विकेट पर 561 रन ठोके। यूपी पहली पारी में 176 पर ढेर होकर फॉलोऑन खेलना पड़ा दूसरी पारी में भी खराब प्रदर्शन जारी रहा।

पहले सलामी जोड़ी 10 गेंदों में 9 रन पर सिमट गई। 61 रन पर 7 विकेट गिरे और टीम 84 पर ऑलआउट। आर्यन जुयाल ने 24 रन की टॉप स्कोर किया, सिद्धार्थ यादव ने दूसरे नंबर पर सबसे अधिक 10 रन बनाए। इससे यूपी की टीम को

> कप्तान आर्यन जुयाल दूसरी पारी में केवल 24 रन ही बना पाए, जबकि शिवम मावी और शिवम शर्मा का खाता भी नहीं खुल सका। सभी 7 विकेट झारखंड के सीमर्स के खाते में गए। साहिल राज और जतिन पांडे ने दो–दो विकेट, जबकि शुभम कुमार सिंह ने एक विकेट हासिल किया।



301 रन और एक पारी से झारखंड ने हराया।

शनिवार सुबह तीसरे दिन यूपी ने 32 पर 3 विकेट से खेल शुरू किया, लेकिन बाकी 7 विकेट 143 रन और जोड़कर गिर गए। झारखंड के सीमर्स ने पहले पारी में 10 में से 9 विकेट लेने के बाद, दूसरी पारी में भी अभिषेक गोस्वामी (5), आदित्य शर्मा (2), प्रियम गर्ग (9) और सिद्धार्थ यादव (16) के विकेट आसानी से लिए।

### बीते चार सत्रों में यूपी का प्रदर्शन

- 2019-20: पूल चरण से बाहर
- 2021-22: सेमीफाइनल तक का सफर
- 2022-23: पूल चरण से बाहर
- 2023-24: पूल चरण से बाहर



### झारखंड के शरण दीप सिंह प्लेयर ऑफ द मैच

झारखंड के बल्लेबाज शरण दीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने पहली पारी में 286 गेंद पर 139 रन बनाए। पारी में 16 चौके भी लगाए। उनके साथ में टीम के कुमार कुशाग्र ने भी सेंचुरी जड़ी थी। उन्होंने 143 गेंद पर 102 रन बनाए थे। झारखंड के गेंदबाज सौरभ शेखर ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने पहली पारी में भी एक विकेट लिया था।

# गांवों में बने अमृत सरोवरों पर मनाया जाएगा गणतन्त्र दिवस

## तिरंगा यात्रा, वृक्षारोपण, प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम होंगे आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने गणतंत्र दिवस को समारोह पूर्वक पूरे उत्साह, उल्लास व उमंग के वातावरण मे भव्य तरीके से मनाने के लिये ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उपमुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में, ग्राम्य विकास की ओर से समस्त जनपदों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। गणतन्त्र दिवस के उत्सव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके, इस हेतु विभाग की ओर से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को ससमय तैयारी करने और कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

प्रदेश की ग्राम पंचायतों में निर्मित



और विकसित किये गये सभी अमृत सरोवर स्थलों पर गणतन्त्र दिवस आयोजित के निर्देश दिये गये हैं। इस आयोजन को शानदार व सफल बनाने के लिए, सभी की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है, जिस हेतु गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य पर अमृत सरोवर स्थलों पर किसी स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्रता के बाद शहीद हुए किसी व्यक्ति के परिवार के सदस्य, किसी स्थानीय पद्म पुरस्कार विजेता, या स्थानीय ग्राम पंचायत के किसी वरिष्ठ नागरिक द्वारा तिरंगा फहराया जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। इन व्यक्तियों का सम्मान किया जाना और उन्हें गौरवपूर्ण स्थान दिये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं। समस्त जनपदों में स्थित ग्राम पंचायतों में निर्मित 'अमृत सरोवरों' पर भव्य उत्सव आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं । इस संबंध में जनपदों के समस्त उपायुक्त,श्रम रोजगार को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश निर्गत किए गए हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पंचायत सदस्य, स्वयं सहायता समूह और स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी होगी। उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए सरोवरों पर कई गतिविधियां होंगी।

मतदाता शपथ, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ लोकतंत्र का संदेश

# बीएनकेबी पीजी कॉलेज में 16वां जनपद स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस संपन्न

कार्यक्रम

बृजेंद्र वीर सिंह





तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। बीएनकेबी पीजी कॉलेज अकबरपुर में रविवार को 16वां जनपद स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस–2026 उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, मतदाता और अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और सरस्वती वंदना से हुई, जिससे वातावरण में सांस्कृतिक गरिमा का संचार हुआ। आयोजन का उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति लोगों को प्रेरित करना रहा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों, अधिकारियों और मतदाताओं को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से मतदाताओं ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार के प्रयोग का संकल्प लिया। सभी को धर्म, जाति, वर्ग, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मेहंदी, रंगोली, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोलियों, पोस्टरों और स्लोगनों का अवलोकन किया और मतदान के महत्व पर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों

**कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर, मां ब्रह्मा देवी रमाशंकर इंटर कॉलेज, चित बहाल इंटर कॉलेज की छात्राओं तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में पंजीकृत लोक जागृत संस्थान पहुंती के दिव्यांग बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुतियों के माध्यम से लोकतंत्र, मतदान के अधिकार और नागरिक कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।**

को लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और आगे चलकर जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया।

पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित और अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ।

### वरिष्ठ और नए मतदाताओं का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए बीएलओ में अनुपमा उपाध्याय, अमरावती, संगीता, धर्मेंद्र कुमार और राजितराम शामिल रहे। इसके अलावा पहली बार मतदाता बने युवा मतदाताओं को भी मंच से सम्मान प्रदान किया गया, जिससे युवाओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया।

# भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में योग, मंत्रोच्चार और सामूहिक अभ्यास

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। भारतीय योग संस्थान (पंजी.) के तत्वावधान में योग साधना केंद्र, राजकीय उद्यान अकबरपुर में वसंतोत्सव समारोह का भव्य, अनुशासित और समयबद्ध आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 5:30 बजे से 7:00 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य वसंत ऋतु के आगमन के साथ योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मासन, गहरे एवं दीर्घ श्वसन अभ्यास, ओंकार ध्वनि तथा गायत्री मंत्र के भावार्थ सहित उच्चारण से किया गया। इस सत्र का संचालन कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव ने किया। इसके उपरांत मंच संचालन क्षेत्रीय प्रधान संदीप लाल श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जिन्होंने भारतीय योग संस्थान के उद्देश्यों और वसंतोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वागत संबोधन जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष सिंह ने प्रस्तुत किया।

दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि और जिला प्रधान द्वारा किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अनुशासित और प्रेरणादायी बना। मातृशक्तियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने साधकों को एकाग्रता और साधना के भाव से जोड़ा। इसके बाद मुख्य अतिथि का स्वागत जिला प्रधान और जिला संगठन मंत्री द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में जिला संगठन मंत्री सूर्य नाथ त्रिपाठी ने भारतीय योग संस्थान का परिचय देते हुए योग के मानव शरीर की विभिन्न प्रणालियों पर पड़ने वाले प्रभावों पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। साधकों ने इस सत्र को गंभीरता से सुना और योग के वैज्ञानिक पक्षों को समझा।

इसके बाद सुव्यवस्थित योगाभ्यास सत्र आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न प्रशिक्षकों द्वारा अलग-अलग योगासनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया गया। अर्धचन्द्रासन और त्रिकोणासन, कोणासन और शशकासन, सिंहगर्जनासन और हास्यासन, सर्पासन और धनुरासन, उत्तानपादासन और सेतुबंधासन के साथ-साथ उड्डीयान बंध, अग्निसार प्राणायाम और भस्त्रिका प्राणायाम की सभी अवस्थाओं का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान साधकों की शारीरिक स्थिति की जांच और आवश्यक सुधार भी कराया गया।

फास्ट न्यूज

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर पालिका परिषद में दिलाई गई मतदाता शपथ

अंबेडकरनगर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय प्रांगण में मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मताधिकार के महत्व को रेखांकित करना और कर्मचारियों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में मतदान के लिए प्रेरित करना रहा।

### उत्कृष्ट बीएलओ व सुपरवाइजर को प्रदेश स्तरीय सम्मान

अंबेडकरनगर। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस–2026 के अवसर पर अम्बेडकरनगर के उत्कृष्ट बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइजर को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सम्मान मतदाता सूची की शुद्धता, अद्यतन कार्य और निर्वाचन संबंधी दायित्वों के कुशल एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्मिकों को दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का चयन किया गया।

### नीरज मौर्य को सामाजिक योगदान के लिए अभिनंदन पत्र सम्मान

अंबेडकरनगर। नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष और समाजसेवी नीरज मौर्य को सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अभिनंदन पत्र सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संकट मोचन हनुमान मंदिर न्यास, पियारेपुर अन्नावां के प्रांगण में आयोजित सद्भावना खिचड़ी भोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

# पंचायत चुनाव से पहले परती भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। पंचायत चुनाव से पहले भीटी तहसील क्षेत्र में ग्राम समाज की भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सेहमलपुर रानीपुर और मेढ़वा रघुवंशी गांवों में नवीन परती और बंजर भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ ग्राम प्रधानों द्वारा इन जमीनों को मनमाने तरीके से कब्जे में लेकर अपने समर्थकों और करीबी लोगों को सौंपा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नवीन परती और बंजर भूमि, जो सार्वजनिक उपयोग और भूमिहीनों के हित के लिए सुरक्षित मानी जाती है, उस पर बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के कब्जा किया जा रहा है। आरोप है कि जमीन को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर प्रभावशाली लोगों को दिया जा रहा है, जिससे गांव के सामान्य और जरूरतमंद लोगों को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में भीटी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और क्षेत्रीय लेखपाल को कई बार फोन और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न तो मौके पर जांच की गई और न ही अवैध कब्जे को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पंचायत चुनाव नजदीक होने के कारण इस मामले ने और तूल पकड़ लिया है।

**भीटी तहसील के सेहमलपुर रानीपुर और मेढ़वा रघुवंशी गांवों का मामला**

# बसखारी बाजार में 20 वर्षीय रंजीता की हुई अचानक मौत

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत, जांच जारी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। रविवार की सुबह बसखारी बाजार के मुछाड़े वाली गली में 20 वर्षीय रंजीता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। रंजीता और शुभम का एक साल पहले प्रेम विवाह हुआ था। विवाह के बाद उनके परिवारों में विवाद उत्पन्न हुआ था और रंजीता के परिजनों ने शुभम के खिलाफ पहले ही मामला दर्ज कराया था। हालांकि दोनों ने हाईकोर्ट से राहत प्राप्त की थी और राजदेव के मकान में किराए के कमरे में रहने लगे थे।

रविवार सुबह रंजीता की मौत की सूचना मिलने पर बसखारी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल शव पर किसी प्रकार की चोट के निशान पाए गए या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बीती रात कुछ लोग शुभम और रंजीता के कमरे में आए थे और उनके बीच विवाद हुआ था। इसके अगले दिन सुबह रंजीता की मौत की खबर मिली। घटना की जांच में मृतिका की चार माह की बच्ची भी मौजूद थी, जो अब अपनी माँ के बिना यतीम हो गई है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में किसी भी प्रकार के आत्महत्या या दुर्घटना की पुष्टि नहीं हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सभी संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। रंजीता और शुभम का प्रेम विवाह क्षेत्र में विवादों का विषय रहा है। परिवारों के बीच चली कानूनी लड़ाई और हाईकोर्ट से मिली राहत ने यह मामला पहले ही सुर्खियों में आ चुका था। रंजीता की मौत ने इस पूरे मामले में विवाद और सवालों की संख्या बढ़ा दी है।

# पुलिस लाइन में बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वावधान में रविवार को पुलिस लाइन, अंबेडकरनगर स्थित बहुउद्देशीय हॉल में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनपदीय अध्यक्षा अपर्णा के निर्देशन में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों के रचनात्मक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना, साथ ही उनमें सामाजिक और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को सीखने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। ड्राइंग प्रतियोगिता को "पुलिस हमारी दोस्त" थीम पर आधारित रखा गया। इसका उद्देश्य बच्चों में पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और मित्रवत छवि को मजबूत करना रहा। बच्चों ने रंगों के माध्यम से पुलिस की भूमिका, सुरक्षा व्यवस्था और समाज में योगदान को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों को समान अवसर मिल सके। क्विज प्रतियोगिता की थीम संविधान और इतिहास रखी गई। इस प्रतियोगिता के जरिए बच्चों में संवैधानिक ज्ञान, ऐतिहासिक समझ और सामान्य बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया गया।

**ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता आयोजित**

नरहरपुर गांव में 9 एकड़ भूमि पर निर्माण, 23.59 करोड़ की लागत से तैयार होगा स्कूल

# नवंबर में मिलेगी मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की सौगात

तमसा संकेत, संवाददाता





अंबेडकरनगर। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाने वाली मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय योजना के तहत अम्बेडकरनगर में भी प्रमुख परियोजना तेजी से आकार ले रही है। भीटी ब्लॉक के नरहरपुर गांव में 9.29 एकड़ भूमि पर निर्मित इस विद्यालय का उद्घाटन इस वर्ष नवंबर में होने की संभावना है। विद्यालय की कुल लागत 23.59 करोड़ रुपये है और इसे बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन यू०पी०प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०, अयोध्या द्वारा बनाया जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने इस परियोजना का गर्मजोशी से स्वागत किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता और सुविधाओं की कमी लंबे समय से चुनौती बनी हुई थी, लेकिन अब इस विद्यालय के जरिए बच्चों को शहरों जैसी सुविधाएं मिलेंगी। भूमि पूजन से लेकर निर्माण के वर्तमान चरण तक, यह परियोजना क्षेत्र में शिक्षा के नए मानक स्थापित कर रही है।

नरहरपुर कम्पोजिट विद्यालय केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहेगा।

### एक ही कैंपस में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की शिक्षा

मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय योजना का उद्देश्य बच्चों को प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक एक ही परिसर में पढ़ाई का अवसर उपलब्ध कराना है। इससे बच्चों को अलग-अलग स्कूलों में भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। प्रदेश के 75 जिलों में ऐसे मॉडल स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं, और 39 जिलों में निर्माण कार्य पहले ही जोर-शोर से चल रहा है। अम्बेडकरनगर का नरहरपुर स्कूल इस सूची में शामिल होकर बच्चों के भविष्य को नई दिशा देगा।

### विद्यालय में मिलने वाली सुविधाएं

नरहरपुर में बन रहे विद्यालय का मुख्य भवन जी प्लस टू के डिजाइन के अनुसार होगा। इसके अलावा मिड-डे मील भवन, प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य आवास, कर्मचारी आवास, डॉरमेट्री, बाल वाटिका भवन, मल्टीपरपज हाल, गार्ड रूम, बाउंड्रीवाल, इंटरलॉकिंग और सी.सी. रोड का निर्माण किया जा रहा है। विद्यालय में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं के बैठने की क्षमता होगी और 30 से अधिक कक्षा-कक्ष बनाए जा रहे हैं। निर्माण कार्य की प्रगति इतनी तेज है कि इसे नवंबर तक पूरा करने का स्पष्ट लक्ष्य रखा गया है।

# टाटा शोरूम पर धोखाधड़ी का आरोप पूरी रकम के बाद भी नहीं मिली कार

## टाटा पंच सीएनजी के नाम पर उपभोक्ता से लाखों की वसूली का मामला

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। जनपद में वाहन बिक्री के नाम पर उपभोक्ता से कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। थाना भीटी क्षेत्र के ग्राम पकड़ी नगऊपुर निवासी प्रभात मिश्र ने टांडा रोड स्थित श्री देव व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड, टाटा शोरूम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का कहना है कि टाटा पंच प्योर सीएनजी वाहन की पूरी कीमत चुकाने के बावजूद न तो गाड़ी सौंपी गई और न ही धनराशि वापस की गई।

पीड़ित के अनुसार 22 दिसंबर 2025 को उन्होंने टाटा पंच प्योर सीएनजी की बुकिंग कराई थी, जिसके लिए 5,100 रुपये अग्रिम जमा किए गए। इसके बाद 4,40,848 रुपये शोरूम के खाते में जमा किए गए। शेष 2,48,016 रुपये बैंक लोन के माध्यम से 31 दिसंबर 2025 को शोरूम के खाते में स्थानांतरित कर दिए गए। इस प्रकार वाहन की पूरी कीमत का भुगतान कर दिया गया।

पीड़ित का कहना है कि शोरूम कर्मचारियों ने यह कहते हुए गाड़ी देने से मना कर दिया कि वही वाहन किसी अन्य ग्राहक को बेच दिया गया है। आरोप है कि नई गाड़ी देने के लिए 50,000 रुपये अतिरिक्त मांग की गई। जब इसका विरोध किया गया तो न तो वाहन सौंपा गया और न ही जमा धनराशि लौटाई गई।

प्रभात मिश्र ने बताया कि बार-बार शोरूम और बैंक के चक्कर लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद उन्होंने टाटा कंपनी और संबंधित अधिकारियों से लिखित शिकायत की है।

### गाड़ी देने की तारीख बढ़ाकर किया गया टालमटोल

आरोप है कि भुगतान पूरा होने के बाद शोरूम प्रबंधन ने पहले 1 जनवरी 2026 और फिर 20 जनवरी 2026 तक वाहन देने का आश्वासन दिया। 20 जनवरी को जब पीड़ित शोरूम पहुंचे तो उनसे 11,000 रुपये नकद अतिरिक्त ले लिए गए। इसके बाद गाड़ी के साथ फोटो खिंचवाने के बाद चाभी छीन ली गई और वाहन देने से इनकार कर दिया गया।

# एनएच 233 पर सड़क हादसा किशोर की हुई दर्दनाक मौत

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। बसखारी थाना क्षेत्र के संदहा मजगवां के डड़वा मजरे के पास एनएच 233 पर रविवार को सड़क हादसे में एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब 10 वर्षीय राज पुत्र सुभाष, अपने मामा के घर नाऊ नगर संदहा से खेत से लौट रहा था। अज्ञात चारपहिया वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन तुरंत राज को सीएचसी बसखारी ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे ने परिजनों में कोहराम मचा दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रविवार दोपहर को राज अपने खेत से घर लौट रहा था कि अचानक एनएच 233 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी गंभीर थी कि राज गंभीर रूप से घायल हो गया। मामा छनमन ने घायल राज को तत्काल सीएचसी बसखारी पहुंचाया, लेकिन चिकित्सक उसे बचा नहीं सके।

हादसे की सूचना पाकर थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उपनिरीक्षक मयंक सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

राज की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

**बसखारी थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय बच्चे की मौत**

संकेत : परिवहन मंत्री से मुलाकात के बाद मिला आश्वासन

# अकबरपुर बस स्टेशन के स्थायी स्थानांतरण की प्रक्रिया जल्द शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता



**नए बस स्टेशन के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेगा विभाग**

अंबेडकरनगर। अकबरपुर बस स्टेशन के वर्षों से लंबित स्थायी स्थानांतरण को लेकर अब ठोस पहल के संकेत मिले हैं। भाजपा नेता और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री से मुलाकात कर इस मुद्दे को एक बार फिर प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान परिवहन मंत्री ने भरोसा दिलाया कि अकबरपुर बस स्टेशन के स्थायी स्थानांतरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी और इससे जुड़ी सभी आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएंगी। बताया गया कि नए स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टेशन विकसित करने के साथ-साथ वर्तमान बस स्टेशन परिसर के भविष्य में जनहित में उपयोग को भी ध्यान में रखा जाएगा। विभागीय और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए पूरी योजना पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा।

बैठक के दौरान परिवहन मंत्री ने स्पष्ट किया कि नए बस स्टेशन के निर्माण में यात्रियों की सुविधा को केंद्र में रखा जाएगा। बसों की सुगम आवाजाही, पर्याप्त प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, स्वच्छता, पार्किंग और विभागीय संचालन से जुड़ी सभी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार की जाएगी। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि स्थानांतरण के दौरान परिवहन सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। परिवहन विभाग की ओर से यह संकेत भी दिया गया कि वर्तमान बस स्टेशन परिसर को स्थानांतरण के बाद अनुपयोगी नहीं छोड़ा जाएगा। जनहित को ध्यान में रखते हुए वहां किसी सार्वजनिक उपयोग की योजना बनाई जा सकती है। इसके लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर निर्णय लिया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार को लेकर सरकार गंभीर है।

### वर्षों से लंबित है स्थानांतरण की मांग

अकबरपुर बस स्टेशन का वर्तमान स्थान लंबे समय से यातायात दबाव, सीमित जगह और अव्यवस्थित संचालन की समस्या से जूझ रहा है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और यात्रियों की ओर से लगातार यह मांग उठती रही है कि बस स्टेशन को शहर के बाहर उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, जहां यात्री सुविधाओं का विस्तार संभव हो सके। इस मुद्दे को विवेक मौर्य ने बीते वर्षों में कई बार परिवहन विभाग के समक्ष रखा है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अंबेडकरनगर में बाइक-स्कूटी रैली

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। प्रदेश में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रविवार को अंबेडकरनगर में यातायात जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा बाइक और स्कूटी रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार यादव ने किया। इस दौरान यातायात निरीक्षक जय बहादुर यादव अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। बाइक और स्कूटी रैली परिवहन कार्यालय अंबेडकरनगर से प्रारंभ होकर पटेलनगर और कलेक्ट्रेट मार्ग से होते हुए पुनः परिवहन कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। यातायात रैली में वाहन विक्रेता और डीलर्स, उनके कर्मचारी, मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के संचालक और प्रशिक्षणार्थी, प्रदूषण जांच केंद्रों के संचालक सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और नशे में वाहन न चलाने जैसे संदेशों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का प्रचार किया। रैली के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर आम लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके।

# सम्पादकीय

## दूषित पेयजल का कहर, सबक सीखने को तैयार नहीं प्रशासन



इंदौर के भागीरथपुरा के बाद इसी जिले के महू में भी दूषित पेयजल से करीब 30 लोगों के बीमार होने की खबर यही बता रही है कि शासन-प्रशासन जरूरी सबक सीखने को तैयार नहीं। होना तो यह चाहिए था कि भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से 25 से अधिक लोगों की मौत और उसके चलते सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर के प्रशासन की बदनामी के बाद राज्य भर में इसके लिए चौकसी बरती जाती कि कहीं पर भी दूषित पेयजल की आपूर्ति न होने पाए, लेकिन महू का मामला यही बता रहा है कि ऐसा नहीं किया गया। यह जन स्वास्थ्य की गंभीर उपेक्षा है।

दूषित पेयजल के मामले में केवल इंदौर की ही बात नहीं की जानी चाहिए। देश के तमाम शहरों में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते ही रहते हैं। इन सवालों की तब तक अनदेखी होती रहती है, जब तक लोग दूषित जल के कारण गंभीर रूप से बीमार न हो जाएं या फिर भागीरथपुरा की तरह काल के गाल में न समा जाएं। इसकी अनदेखी न की जाए कि पिछले कुछ समय में नोएडा, गांधीनगर समेत देश के कई शहरों में दूषित पेयजल की आपूर्ति के मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों की व्यापक चर्चा इसलिए हो सकी, क्योंकि भागीरथपुरा का मामला सतह पर आ चुका था।

यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में पेयजल के साथ अन्य नागरिक सुविधाओं की गुणवत्ता अपने दोयम स्तर के लिए ही जानी जाती है। नगर निकाय और राज्य सरकारें पेयजल की गुणवत्ता को लेकर चाहे जो दावा करें, सच यह है कि देश के बड़े हिस्से में पेजयल की गुणवत्ता ठीक नहीं। नीति आयोग का एक अध्ययन यह कहता है कि दूषित पेयजल के कारण प्रति वर्ष करीब दो लाख लोग मरते हैं। नीति आयोग ने यह भी पाया था कि देश में 70 प्रतिशत जल स्रोत दूषित हैं।

लोग दूषित पेयजल पीने को इसलिए विवश हैं, क्योंकि नगर निकायों में जनता का प्रतिनिधित्व करने और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह हैं। आम तौर पर वे दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायतों को एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल देते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे अपनी दायित्वहीनता के लिए कभी दंड के पात्र नहीं बनते। अपने यहां एक बुरी प्रवृत्ति यह भी है कि दूषित पानी की आपूर्ति अथवा अन्य नागरिक सुविधाओं में कमी की खबर सामने आते ही शासन-प्रशासन की ओर से सबसे पहला काम इन खबरों को गलत साबित करने का होता है।

नतीजा यह है कि दूषित पेयजल के कारण लोग बीमार होते रहते हैं या फिर पेयजल खरीद कर पीते हैं अथवा पानी को पीने योग्य बनाने के लिए तरह-तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। अच्छा हो कि हमारे नीति-नियंता खुद से यह सवाल करें कि क्या विकसित होते भारत में जनता शुद्ध पेयजल की भी अपेक्षा न करे?

# आखिर कबतक जटिल पूर्वाग्रहों से परेशान रहेगा भारत गणतंत्र?

> वहीं, भारतीय संविधान से जिन दलितों, पिछड़ों, सवर्णों और अल्पसंख्यकों ने स्थायी लाभ लिए, अब वहीं इसे वंशानुगत बनाये रखने की सियासी तिकड़म रच रहे हैं। यह संवैधानिक लाभ महादलितों, अत्यंत पिछड़े लोगों, गरीब सवर्णों और पसमांदा लोगों तक पहुंचे, इसकी राह में तरह तरह से रोड़े अटकाए जाते हैं।



भारत का गणतंत्र पूर्वाग्रहों जैसे जातिवाद, सांप्रदायिकता, भाषा जनित क्षेत्रवाद, वंशवाद, राजनीतिक पक्षपात और सामाजिक असमानताओं से जूझ रहा है जो संवैधानिक मूल्यों को कमजोर कर रहे हैं। खासकर गणतंत्र दिवस जैसे अवसरों पर ये मुद्दे अकसर उभरकर सामने आ जाते हैं, जहां लोकतंत्र की चुनौतियां स्पष्ट दिखती हैं। इसलिए कतिपय प्रमुख पूर्वाग्रहों पर चर्चा लाजिमी है जो इसे समदर्शी और सर्वसम्मत लोकतंत्र बनने देने की राह के सबसे बड़े रोड़े तब भी थे, आज भी हैं और अगर यही हालात बने रहे तो भविष्य में भी रहेंगे। लिहाजा प्रबुद्धजनों से लेकर आम आदमी के दिलोदिमाग में यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि आखिर कबतक जटिल पूर्वाग्रहों से परेशान रहेगा भारत गणतंत्र?

पिछली शताब्दी के अंतिम तीन भागों से लेकर मौजूदा शताब्दी के प्रथम भाग तक यानी पूरे सौ सालों में भारतीय शासन-प्रशासन की जो पूर्वाग्रही गतिविधियां दिखाई-सुनाई पड़ीं, उससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि भारतीय गणतंत्र को दलित-आदिवासी-पिछड़े-अल्पसंख्यक-सवर्ण कोटि के अभिजात्य वर्गों के चंगुल से बाहर निकालना बहुत मुश्किल है। खासकर धर्मनिरपेक्षता ने तो एक पाकिस्तान दे देने के बाद कई और पाकिस्तान देने की पृष्ठभूमि तैयार कर दी है। शांतिपूर्ण सनातन भूमि पर ब्रेक के बाद होते रहने वाले सांप्रदायिक दंगे भी इसी बात की चुगली करते प्रतीत होते हैं। मीडिया और सोशल मीडिया की मुहिम हमारी धर्मनिरपेक्ष सोच को खुली चुनौती देती है, लेकिन प्रशासनिक लाचारी भी जगजाहिर है, जिसे बदले बिना धर्मनिरपेक्ष पूर्वाग्रहों से मुक्ति पाना बिल्कुल कठिन है।

जिस तरह से जातिवादी आरक्षण का दुरूपयोग हो रहा है और एक बार इसका लाभ ले चुके लोग अपने बच्चों के लिए दुबारा लाभ लेने से भी नहीं हिचकिचाते हैं, जिससे जरूरत-मंद लोगों तक आरक्षण का लाभ पहुंचना मुश्किल हो रहा है। आरक्षण के जातीय स्वरूप, क्रीमीलेयर मानदंडों में अव्यवहारिक तर्क और एक ही व्यक्ति को बार बार निर्वाचन क्षेत्रों में आरक्षण देने या फिर एक ही परिवार को नौकरियों में बार बार आरक्षण का लाभ देते रहने से यह पवित्र सोच भी अब कलुषित हो चुकी है। समाज के अन्य लोगों में इससे सत्ता प्रतिष्ठान के प्रति गहरा रोष देखा जाता है।

सच कहूं तो जातिवाद और सांप्रदायिकता जैसे पूर्वाग्रह समदर्शिता की राह के रोड़े बनकर भारतीय गणतंत्र की जड़ों को खोखला कर रही हैं जबकि सर्वसम्मति की जगह बहुमत वाला गणतंत्र अपने ही अल्पमत लोगों के नैसर्गिक हितों पर कुठाराघात करता प्रतीत होता है। आलम यह है कि प्रवासी मजदूरों और छात्रों तक को प्रताड़ित करने में साधन संपन्न वर्ग नहीं हिचकता और भीड़ का न्याय भी जहां तहां सम्पन्न लोगों के खिलाफ दिख जाता है। भारत में ब्रेक के बाद होने वाले जातीय या क्षेत्रीय/भाषाई दंगे इसी बात की तस्दीक करते हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि मीडिया और राजनीतिक विमर्श में पूर्वाग्रही ध्रुवीकरण बढ़ रहा है, जो नीतिगत मुद्दों को नजरअंदाज कर भावनात्मक विभाजन पैदा करता है। जहां कांग्रेस व क्षेत्रीय दलों की तुष्टीकरण वाली धर्मनिरपेक्ष राजनीति खतरनाक है, तो आरएसएस-बीजेपी की सेक्युलरिज्म विरोधी विचारधारा से भी लोग सांसत में रहने को अभिशप्त हैं। इसलिए बेहतर होगा कि संविधान के प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'सेक्युलर' शब्द हटाने की पहल की जाए, क्योंकि जाति व धर्म की आड़ में इनका दुरुपयोग हो रहा है। ऐसे में राजनीतिक विवाद स्वाभाविक बात है। आपने देखा होगा कि गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली के टेबलो को लगातार चौथी बार खारिज करने पर आप ने बीजेपी पर पूर्वाग्रह का आरोप लगाया, जबकि गुजरात-उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को प्राथमिकता मिली। वहीं रक्षा मंत्रालय चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष बताता है लेकिन विपक्ष इसे राजनीतिक प्रतिशोध मानता है। पंजाब जैसे राज्यों के टेबलो अस्वीकृति ने भी विवाद बढ़ाया। ऐसे में संवैधानिक चुनौतियां भी स्वाभाविक हैं। आपको पता होना चाहिए कि संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि सामाजिक असमानताओं पर लोकतंत्र की 'टॉप ड्रेसिंग' विफल हो जाएगी जो आज मतदाता सूची शुद्धिकरण और नागरिकता संशोधन अधिनियम से साकार हो रही है। जहां कार्यपालिका का केंद्रीयकरण विधायिका-न्यायपालिका को कमजोर कर रहा है, वहीं UAPA जैसे कानून असहमति को दबाते हैं लेकिन आपराधिक मिजाज पर अंकुश लगाते हैं।। कुलमिलाकर तमाम किंतु परन्तु के चलते देश में आर्थिक असमानता और बेरोजगारी जैसे मुद्दे गर्त में या हाशिए पर धकेल दिए गए हैं जो सार्वजनिक चिंता और लोक दुश्चिंता का सबब बना हुआ है।

देखा जाए तो भारत में राजनीतिक पूर्वाग्रहों के प्रमुख स्रोत पहचान-आधारित राजनीति, मीडिया प्रभाव, सामाजिक ध्रुवीकरण और संस्थागत दबाव आदि हैं। कमोबेश ये तमाम पूर्वाग्रह लोकतंत्र को कमजोर करते हुए विभाजनकारी विमर्श को बढ़ावा देते हैं, जिससे कहीं न कहीं समग्र राष्ट्रहित भ्रमित होता है। जहां पहचान-आधारित राजनीति यानी जाति और धर्म पर आधारित राजनीति पूर्वाग्रहों को गहरा करती है, वहीं दल विशेष इन पहचानों का उपयोग वोट बैंक के लिए करते हैं। वहीं, राम जन्मभूमि आंदोलन और नागरिकता संशोधन अधिनियम जैसे मुद्दों ने हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण बढ़ाया। कुछ लोग आरएसएस-बीजेपी जैसे संगठनों पर सांप्रदायिक पूर्वाग्रह के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन वो कांग्रेसियों और क्षेत्रीय दलों के सांप्रदायिक तुष्टीकरण वाली सोच की निंदा करने में भी गुरेज करते हैं।

एक बात और, मीडिया और सोशल मीडिया यानी मीडिया घरानों पर सरकारी विज्ञापनों, कॉर्पोरेट हितों और राजनीतिक दबाव से पक्षपातपूर्ण कवरेज होता है। जबकि, सोशल मीडिया एल्गोरिदम फेक न्यूज और भावनात्मक फ्रेमिंग से ध्रुवीकरण तेज करते हैं। इस मामले में कांग्रेस और भाजपा एवं उनके समर्थक या विरोधी दल प्रचार दर प्रचार पर भारी खर्च कर पूर्वाग्रह फैलाते हैं। इससे संस्थागत और आर्थिक कारक तक प्रभावित होते हैं। खासकर राजनीतिक दलों का विज्ञापन और नियामक शक्ति मीडिया को प्रभावित करती है, जबकि आर्थिक मंदी सामाजिक विभाजनों को भड़काती है। इससे अभिप्रेरित कानून-व्यवस्था सम्बन्धी विफलताएं जैसे महाजंगलराज आदि पूर्वाग्रहपूर्ण राजनीति को जन्म देती हैं। इस प्रकार राजनीतिक पूर्वाग्रह मीडिया को विकृत करते हुए एकतरफा कवरेज, ध्रुवीकरण और जनमत निर्माण को प्रभावित करते हैं।

**- कमलेश पांडेय**

## संविधान के प्रति राजनीतिक जागरुकता पर्याप्त नहीं

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। ब्रिटिश आधिपत्य से स्वाधीनता के समय भारत के नेतृत्व ने भावी पीढ़ियों के शासन-प्रशासन हेतु एक संविधान का निर्माण किया। दो वर्ष, 11 महीने और 18 दिन तक संविधान सभा की बैठकें हुईं। उसके परिणामस्वरूप हमें विश्व का विशालतम संविधान प्राप्त हुआ। नौ दिसंबर 1946 से प्रारंभ कर 26 नवंबर 1949 तक हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक जीवन के विभिन्न आयामों पर वृहद विचार विमर्श किया। उन्होंने विश्व के अनेक विद्यमान संविधानों का भी गहन अध्ययन किया और भारत के संविधान में संसार भर के संविधानों के श्रेष्ठ और स्वीकार्य तत्व सम्मिलित किए गए। इस प्रकार भारत का संविधान ऐसा अभिलेख बन गया जो विश्व की श्रेष्ठतम लोकतांत्रिक संस्थाओं और परंपराओं का सहज समावेश करता है। भारतीय संविधान की निर्मिति में संलग्न लगभग 300 व्यक्तियों की ओर दृष्टिपात करें तो यह ध्यान में आता है कि तत्कालीन भारत की श्रेष्ठतम मेधा, मनीषा, प्रतिभा संविधान सभा में उपलब्ध थी। वह संविधान सभा अनेक विचारधाराओं, क्षेत्रों, मतावलंबियों, भाषा-भाषियों, आजीविकाओं, समुदायों, संप्रदायों, राज-व्यवस्थाओं और रुचियों का प्रतिनिधित्व करती थी।

वहां राजनेता, साहित्यकार, लेखक, उपन्यासकार, दार्शनिक, वकील, चिकित्सक, किसान, आदिवासी सभी प्रकार के व्यक्ति थे। उन सबने लगभग प्रत्येक शब्द, प्रत्येक अनुच्छेद, प्रत्येक संस्था और प्रत्येक नियम-विधि पर गहन और गंभीर वाद विवाद भी किया। इसका ही परिणाम हुआ कि भारतीय संविधान अपनी प्रस्तावना में ही अपने दार्शनिक मूल्यों और व्यावहारिक आधार की स्पष्ट उद्घोषणा करता है। वह एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना का उद्घोष करता है।

**- प्रो. संजीव कुमार शर्मा**

## स्वतंत्रता आंदोलन के ...

विवेक रंजन श्रीवास्तव

# भारतीय संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता



भारतीय संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का संबंध लोकतंत्र की आत्मा से जुड़ा हुआ है। यह केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं बल्कि नागरिक जीवन, राजनीतिक विमर्श और सामाजिक परिवर्तन का मूल प्रेरक सिद्धांत है।

भारतीय संविधान की प्रस्तावना "विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और उपासना की स्वतंत्रता" देने का संकल्प व्यक्त करती है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वैचारिक नींव है। इस स्वतंत्रता को मानव गरिमा, व्यक्तित्व विकास और लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए अनिवार्य माना गया है।

स्वतंत्रता आंदोलन के अनुभवों ने यह स्पष्ट किया कि बिना मुक्त अभिव्यक्ति के न तो औपनिवेशिक दमन का प्रतिरोध संभव था , न ही स्वतंत्र भारत में उत्तरदायी शासन की स्थापना हो सकती थी । इसलिए अभिव्यक्ति के इस अधिकार को मौलिक अधिकारों के रूप में स्थान दिया गया।

**अनुच्छेद 19(1)(क) : संवैधानिक प्रावधान**

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(क) प्रत्येक नागरिक को "वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता" का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। न्यायालयों की व्याख्या के अनुसार यह अधिकार केवल बोलने लिखने तक सीमित न रहकर मुद्रण, प्रेस, कला, सिनेमा, नाटक, प्रतीक, हाव भाव, पोस्टर, बैनर, डिजिटल और सोशल मीडिया आदि सभी माध्यमों से विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता समाविष्ट करता है। इस अधिकार में विचार बनाने, उन्हें दूसरों तक पहुँचाने और सूचना प्राप्त करने की स्वतंत्रता भी निहित है। यही कारण है कि प्रेस स्वतंत्रता और सूचना तक पहुँच को भी इसी अनुच्छेद के विस्तार के रूप में समझा जाता है। न्यायपालिका ने "कुछ न कहने" या मौन रहने के अधिकार को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का ही नकारात्मक रूप माना है।

**अनुच्छेद 19(2) : युक्तियुक्त प्रतिबंध**

भारतीय संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निरंकुश नहीं मानता, बल्कि अनुच्छेद 19(2) के तहत उस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध लगाने की अनुमति भी देता है। राज्य भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों से मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या सदाचार, न्यायालय की अवमानना, मानहानि और अपराध के लिए उकसावे के आधार पर कानून द्वारा इस स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने समय समय पर स्पष्ट किया है कि कोई भी प्रतिबंध तभी वैध है जब वह प्रत्यक्ष और तर्कसंगत रूप से इन आधारों से जुड़ा हो तथा आवश्यकता से अधिक व्यापक न हो। इसे ही "युक्तियुक्तता" की कसौटी कहा गया है। इस प्रकार संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक हितों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।

**न्यायालयों की प्रमुख व्याख्याएँ**

सत्ता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रायः परस्पर आमने सामने खड़े नजर आते हैं, तथा अनेक बार न्यायालय को इस में हस्तक्षेप करना पड़ता है।

स्वतंत्रता के बाद आरंभिक निर्णयों में ही सर्वोच्च न्यायालय ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को "सभी लोकतांत्रिक संगठनों की नींव" कहा। रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य (1950) में सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर लगाए गए सेंसर को असंवैधानिक ठहराते हुए अदालत ने कहा कि सरकार की आलोचना और असहमति लोकतंत्र का स्वाभाविक अंग है।

सकल पेपर्स (1962) आदि मामलों में न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण परीक्षण विकसित किए "निकटता परीक्षण", जिसके अनुसार संभावित हानि और अभिव्यक्ति के बीच घनिष्ठ संबंध होना चाहिए, और "उचितता परीक्षण", जिसके तहत किसी प्रतिबंध की संतुलनशीलता और आवश्यकता की जाँच की जाती है। राम मनोहर लोहिया प्रकरण में यह स्पष्ट किया गया कि कानून और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच वास्तविक और निकट रिश्ता न हो तो अभिव्यक्ति पर लगाए गए प्रतिबंध टिक नहीं सकते। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही वह आधार है, जिस पर बहुदलीय राजनीति, निष्पक्ष चुनाव, सक्रिय नागरिक समाज और स्वतंत्र मीडिया खड़े होते हैं।

## इस घटना...

संजय गुप्त

# अनियोजित और असुरक्षित शहरी विकास

### नौकरशाही पर कामचलाऊ संस्कृति हावी




पिछले दिनों एक हृदयविदारक घटना में ग्रेटर नोएडा में एक नौजवान इंजीनियर युवराज मेहता की मौत ने सारे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। युवराज की जान तब गई, जब धुंध के चलते उनकी कार 90 डिग्री के टर्न पर एक बैरियर को तोड़ते बेसमेंट बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में जा गिरी, जिसमें पानी भरा था। उसने मदद के लिए अपने पिता को फोन किया और राह चलते लोगों से भी मदद की गुहार लगाई। थोड़ी देर बाद तमाम सरकारी अमला वहां पर पहुंचा, पर संसाधनों के अभाव और ठंडे पानी में उतरने की हिचक के चलते उसे बचाने के लिए आगे नहीं बढ़ा।

अंततः इस युवक ने पिता और खुद को बचाने आए लोगों के सामने दम तोड़ दिया। उसे बचाने का काम न तो एसडीआरएफ ने किया, न पुलिस ने और न ही अग्निशमन दल ने। इन सब विभागों की हिचक को देखकर एक डिलीवरी ब्वॉय ठंडे पानी में युवराज को बचाने उतरा, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इस घटना को लेकर आक्रोश इसलिए अधिक है, क्योंकि जिन्हें युवक को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए थे, वे एक तरह से मूकदर्शक बने रहे। इससे खराब बात और कोई नहीं कि कई विभागों के कर्मचारी मौके पर तो पहुंच जाएं, लेकिन संकट में फंसे व्यक्ति को बचाने के लिए कुछ न करें।

युवराज मेहता की मौत ने उत्तर प्रदेश शासन को हिलाकर रख दिया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। इस जांच के जो भी परिणाम हों, लेकिन जो जिंदगी चली गई, वह वापस नहीं आने वाली। इस घटना के बाद उन परिस्थितियों की ओर सबका ध्यान गया है, जिनके चलते युवराज की मौत हुई, लेकिन उनमें कोई बुनियादी सुधार आने की उम्मीद नहीं। भारत के शहर जिस तरह विकसित हो रहे हैं और वहां निर्माण कार्यों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों की ओर से जिस तरह अंजाम दिया जाता है, वे लगातार दुर्घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारी औसत नौकरशाही पर कामचलाऊ संस्कृति हावी है। वह नागरिक सुविधाओं और जन सुरक्षा उपायों की अनदेखी और उनके चलते होने वाली दुर्घटनाओं पर लीपापोती में माहिर हो चुकी है। इसके चलते नागरिक असुविधाएं बढ़ती रहती हैं और लोग हादसों का भी शिकार होते रहते हैं। ग्रेटर नोएडा में अनेक इलाकों में नाले खुले हैं और सीवर का पानी ओवरफ्लो होता रहता है, जबकि इसे प्रदेश के विकसित शहर के रूप में जाना जाता है। इस शहर में भी कोई यह देखने वाला नहीं कि सड़क किनारों पर पानी क्यों भरा रहता है, सीवर लाइनें क्यों उफनाती रहती हैं और सड़कें टूटी हुई क्यों पड़ी रहती हैं?

## जरा हटके

## आयुष्मान भारत, नई...

डॉ. सदानन्द गुप्ता

# गणतंत्र : भारत की आत्मा, भारत की शक्ति

26 जनवरी केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि भारत की संवैधानिक चेतना का उत्सव है। यही वह दिन है जब स्वतंत्र भारत ने स्वयं को एक संपूर्ण गणतंत्र के रूप में प्रतिष्ठित किया—जहाँ सत्ता का स्रोत जनता है, और शासन का उद्देश्य जनकल्याण। गणतंत्र का अर्थ केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि न्याय, समानता, स्वतंत्रता और अवसरों की निरंतर यात्रा है।


स्वतंत्रता के बाद भारत के सामने चुनौतियाँ असंख्य थीं—भूख, अशिक्षा, अविकसित अर्थव्यवस्था और सीमित संसाधन। किंतु गणतंत्र ने हमें वह संवैधानिक आधार दिया, जिसने भारत को कृषि प्रधान समाज से आधुनिक वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर किया।

**कृषि : अन्नदाता से अर्थव्यवस्था का आधार**

आज भारत खाद्यान्न, दूध, फल-सब्ज़ी और दालों के उत्पादन में विश्व के अग्रणी देशों में है। हरित क्रांति से लेकर डिजिटल कृषि तक भारत ने आत्मनिर्भरता हासिल की। किसान आज केवल उत्पादक नहीं, बल्कि बाज़ार, प्रोसेसिंग और निर्यात श्रृंखला का सक्रिय भागीदार है।

उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग : आत्मनिर्भर भारत की नींव

मेक इन इंडिया, पीएलआई योजनाओं और उद्यमशीलता के विस्तार ने भारत को विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा,




ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और रक्षा उत्पादन में भारत आज वैश्विक भरोसे का केंद्र बन चुका है।

**सेवा क्षेत्र और स्टार्टअप : भारत की बौद्धिक शक्ति**

आईटी, स्टार्टअप, फिनटेक और डिजिटल गवर्नेंस ने भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित किया। यूपीआई, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने शासन को पारदर्शी और सुलभ बनाया।

**विज्ञान, अंतरिक्ष और नवाचार**

चंद्रयान, मंगलयान और आदित्य-L1 जैसे मिशन भारत की वैज्ञानिक क्षमता के प्रतीक हैं। कम लागत और उच्च विश्वसनीयता के साथ भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम विश्व के लिए उदाहरण बन चुका है।



**स्वास्थ्य, शिक्षा और मानव विकास**

आयुष्मान भारत, नई शिक्षा नीति और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने मानव विकास के संकेतकों को सुदृढ़ किया है। गणतंत्र का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है, जब विकास हर नागरिक तक पहुँचे।

**इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा : नए भारत की पहचान**

एक्सप्रेसवे, वंदे भारत ट्रेनें, मेट्रो, पोर्ट, एयरपोर्ट और नवीकरणीय ऊर्जा—आज का भारत विकास को देखा और महसूस किया जा सकता है। ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी अब भारत की नीति का मूल तत्व है।

पर्यावरण और नदियाँ

नमामि गंगे, जल जीवन मिशन और नदियों के पुनर्जीवन से भारत ने विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित किया है।

वैश्विक मंच पर भारत

G20, वैश्विक दक्षिण की आवाज़ और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में भारत की भूमिका यह दर्शाती है कि गणतंत्र भारत अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि दिशा-निर्देशक है।

**उत्तर प्रदेश : परिवर्तन का प्रतीक**

उत्तर प्रदेश आज इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, कानून-व्यवस्था और औद्योगिक विकास में नए भारत की प्रयोगशाला बन रहा है।

गणतंत्र कोई ठहराव नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति की चेतना है।

यह हमें अधिकार देता है, और साथ ही कर्तव्य भी सौंपता है।

आज का भारत आत्मविश्वासी है, समावेशी है और भविष्य के लिए तैयार है।

यही गणतंत्र की सच्ची विजय है।

## ज्ञानार्जन से मन पर नियंत्रण

हमारी गति का हर पहलू ज्ञानार्जन से जुड़ा है और हमारी प्रगति का हर पहिया ज्ञानवर्द्धन से बढ़ता है । इस तेज रफ्तार चलती दौड़ती जिंदगी में , हम कर्म हंस हंस के बांध रहे हैं। हमे जब पता है कि कर्म ऐसे ही टूटते नहीं और इसे तोड़ने में पूरी जिंदगी लग जाती है । इसका सही माध्यम ज्ञान प्राप्ति होता हैं । ज्ञान प्राप्त करने का न कोई समय होता है न कोई अवस्था होती हैं । हमें उसके लिए हर प्रकार की मानसिक व्यवस्था करनी होगी । हर बात व व्यवहार से कुछ न कुछ हम सीखने की चेष्टा करे तथा ज्ञान प्राप्त करते हुए अज्ञान व गलत ज्ञान प्राप्ति से सदा डरें । हम प्रतिदिन कुछ सीखने पाने व ज्ञानार्जन आदि का प्रयास करते रहें और मन की इस खाली गिलास को ज्ञान के अमृत से भरते रहें । आगम वांगमय में विविध विषय प्राप्त होते हैं । आगम वांगमय में वर्णित घटना - प्रसंगों के माध्यम से अध्यात्म की प्रेरणा भी हमको प्राप्त हो सकती हैं और आध्यात्मिक साधना भी की जा सकती हैं ।

**› प्रदीप छाजेड़**

## सांसद धरने पर बैठे, पूछा- सरकार क्या छिपा रही? ■ मणिकर्णिका घाट जा रहा था सपा प्रतिनिधिमंडल

# एमएलसी को टांगकर ले गई पुलिस

**घेराबंदी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



वाराणसी । वाराणसी में सपा का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मणिकर्णिका घाट जाने पर अड़ा हुआ है। हालांकि, प्रतिनिधिमंडल के रवाना होने से पहले ही पुलिस प्रशासन ने सपा पदाधिकारियों और पार्टी से जुड़े नेताओं को नजरबंद कर दिया।

इसके बावजूद प्रतिनिधिमंडल मणिकर्णिका घाट जाने की कोशिश कर रहा है। कई जगह पुलिस और सपाइयों के बीच नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने कड़ी घेराबंदी की है। मौके पर एडीएम सिटी भी पहुंच गए हैं। वहीं, फूलपुर से ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव पंधारी यादव सर्किट हाउस पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि वे राजमाता अहिल्याबाई की मूर्ति को खंडित किए जाने की घटना की पूरी जानकारी लेने मणिकर्णिका घाट जाना चाहते हैं।

मणिकर्णिका घाट पर फोर्स की स्थिति समान्य है। लोगों का आना-जाना सुचारू रूप से चल रहा है। सांसद वीरेंद्र सिंह ने एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपने दिया है। ज्ञापन सौंपने के बाद उन्होंने अपना धरना समाप्त कर दिया। लहुराबीर चौराहे पर शव वाहनों को वापस लौटा दिया जा रहा है, जिससे शवयात्रियों को पैदल ही आगे जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मणिकर्णिका घाट की ओर जा रहे लोगों को लहुराबीर चौराहे पर आईडी कार्ड चेक करने के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। समाजवादी पार्टी का झंडा लगे या पार्टी से जुड़े लोगों के वाहनों को दूसरे मार्ग की ओर डायवर्ट किया जा रहा है।

### धरना समाप्त-आंदोलन नहीं, जेल खोलकर रखिए- मनोज राय धूपचंडी

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता और पूर्व राज्यमंत्री मनोज राय धूपचंडी ने कहा- PDA के महानायक अहिल्याबाई होल्कर की धरोहर बचाने की लड़ाई अब और बड़े आंदोलन का रूप लेगी।

सड़क, संसद और जेल तक गूंज नजर आएगी, UP के जेलों में उतनी जगह नहीं जितना एक जिले में सपा के कार्यकर्ता है।

### समाजवादी लोगों की नजरबंदी लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता और पूर्व राज्यमंत्री मनोज राय धूपचंडी ने कहा- बीजेपी देश में PDA के महानायक के वजूद और धरोहर को मिटाना चाहती है l हम सभी समाजवादी लोगों की नजरबंदी लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या है।

**वाराणसी के सर्किट हाउस और सपा सांसद वीरेंद्र सिंह के आवास पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस दौरान सांसद वीरेंद्र सिंह की पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई। बाद में सांसद वीरेंद्र सिंह सड़क पर धरने पर बैठ गए।**



### भाजपा कर रही संविधान की हत्या की- एमएलसी आशुतोष सिन्हा

वाराणसी में MLC आशुतोष सिन्हा ने कहा- आज के लिए एक कमेटी बनी है, जो 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मणिकर्णिका घाट जा रहा था। अहिल्याबाई के द्वारा निर्मित घाट को तोड़ने का सच जानने और जांचने से रोका जा रहा है l BJP पूरी तरह से डर और सहमी है, हम और तमाम समाजवादी पार्टी नेताओं को चोलापुर थाने पर हिरासत में रखा गया है।

## गन्ना तौल को लेकर विवाद युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**जांच**

**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज (बाराबंकी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत गन्ना तौल के दौरान हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम अटाहरी मजरे हरक्का निवासी रवीन्द्र तिवारी पुत्र राम दुलारे तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे वह पाण्डेपुर गन्ना कांटा पर ट्रॉली तौल करवा रहे थे। इसी दौरान तौल को लेकर कहासुनी हो गई।

आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर ग्राम बतनेरा निवासी अनिल पुत्र राम कैलाश, गुड्डू पुत्र राम भवन तथा अमरेश पुत्र राम भवन ने गाली-गलौज करते हुए रवीन्द्र तिवारी पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। हमले में रवीन्द्र तिवारी के सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से किसी तरह पीड़ित की जान बच सकी। घायल अवस्था में पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की सूचना दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### यूजीसी के नये कानून पर सवर्ण समाज का विरोध

वाराणसी । यूजीसी में पारित नए कानून के विरोध में शांति मार्च निकाल रहे सवर्ण समाज के लोगों को लंका पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा हेरिटेज हॉस्पिटल के पास रोक दिया गया। इस दौरान सभी ने जमकर नारेबाजी की। छात्र नेता मृत्युंजय तिवारी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा अधिसूचित नए विनियमों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की है। यह याचिका अधिवक्ता नीरज सिंह के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत दाखिल की गई है।

### बीएचयू के दो प्रोफेसर को पद्मश्री सम्मान मिला

वाराणसी । पद्म सम्मानों की घोषणा रविवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व की संध्या पर करने की परंपरा के क्रम में जो नाम जारी हुए वह काशी को गौरवान्वित करने वाले साबित हुए। पद्मश्री की श्रेणी में इस बार बीएचयू के दो प्रोफेसर का नाम शामिल है। यहां संगीत विभाग की पूर्व प्रोफेसर मंगला कपूर और कालाजार की दवा की खोज करने वाले बीएचयू के प्रो. श्याम सुंदर अग्रवाल को पद्मश्री की घोषणा की गई है। प्रो. मंगला कपूरा ने कहा- हम धन्यवाद करते हैं जो हमको इस काबिल समझा गया। अपने जीवन यात्रा को बताते हुए कहती हैं कि मैं 12 साल की थी जब मुझ पर तेजाब फेंका गया।

### पूर्व सांसद के करीबी के हत्यारोपियों का 'किलर गैंग'

प्रयागराज । प्रयागराज में पूर्व सांसद के ड्राइवर के भाई शमशाद उर्फ अल्लू की सरेआम बम और गोलियां बरसाकर की गई हत्या के मामले में एक और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पता चला है कि इस वारदात के मुख्य आरोपी मिक्कू और वैस एक संगठित गैंग के तौर पर काम कर रहे थे। इस गैंग का नाम उन्होंने 'किलर' रखा था और ग्रुप के ज्यादातर सदस्य इसी नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट भी चला रहे थे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। थाना क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, ससुर सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम सुन्दरनगर मजरे बतनेरा निवासी कल्लू पुत्र दुलारे ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रिंकी का विवाह अक्टूबर 2025 में अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार दहेज देकर राजकुमार पुत्र गयाप्रसाद, निवासी बसंतपुर मजरे उमरी गनेशपुर, थाना रामपुर मथुरा, जनपद सीतापुर के साथ किया था। पीड़ित पिता का आरोप है कि विवाह के लगभग एक माह बाद से ही उनकी पुत्री को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। पति राजकुमार और ससुर गयाप्रसाद द्वारा बाइक, डबल बेड और एलसीडी टीवी की मांग की जाने लगी। दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी पुत्री के साथ कई बार मारपीट की गई।

**■ जान से मारने की धमकी पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

कल्लू ने बताया कि वह अत्यंत गरीब होने के कारण अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं कर सके। आरोप है कि करीब एक माह पूर्व राजकुमार, उसके पिता गयाप्रसाद तथा धर्मेन्द्र पुत्र अज्ञात, निवासी पुत्तीपुरवा, थाना रामपुर मथुरा, पीड़ित के घर ग्राम सुन्दरनगर आए और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से पीड़िता और उसका परिवार भय और तनाव में जीवन व्यतीत कर रहा है। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह विवाह रामकृपाल पुत्र भगौती, निवासी बाँसूपुर मजरे बतनेरा के कहने पर हुआ था, जिसकी भूमिका भी पूरे मामले में संदिग्ध बताई गई है।

# प्रधान प्रत्याशी की गोली मारकर हत्या

## गोरखपुर में कार से पहुंचे थे बदमाश, जमीन के विवाद में जान ली

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर । गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह जमीन विवाद को लेकर एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। यह घटना सुबह करीब 9 बजे दुबौली गांव की है। गांव निवासी पंकज निषाद को 4-5 लोगों ने उसके घर में घुसकर गोली मार दी।

गोली लगते ही पंकज निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गोली मारने वालों की पहचान में पुलिस जुटी है। पंजक की बेटी ने बताया कि- हमारे पटीदार रामजतन, अंकुल, सूरज और विशाल ने घर में घुसे और पहले चाचा को कुदाल से पिटने लगे। चाचा को बचाने जब पापा दौड़कर गए तो उन्हें भी मारा और फिर अंदर कमरे में ले जाकर पापा को गोली मार दी।

गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह जमीन विवाद को लेकर पंकज को गोली लगने की घटना सामने आई। सुबह करीब 9 बजे दुबौली गांव निवासी पंकज निषाद को एक युवक ने उसके ही घर में घुसकर गोली मार दी। गोली लगने से पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली चलने के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। कार से उतरते ही वह सीधे अपने घर के बगल में रहने वाले पाटीदार पंकज के घर पहुंच गया और घटना को अंजाम दिया। उस समय घर में पंकज के माता-पिता, भाई-बहन और बच्चे मौजूद थे।



**" पंकज के जमीन पर गिरते ही परिजन रोने-बिलखने लगे। खून बहता देख परिवार के लोग उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, उसके इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।**



■ पटीदार ने जमीन विवाद में प्रधान प्रत्याशी की गोली मारकर हत्या की

**इन लोगों ने पहले उनके चाचा को कुदाल से पीटना शुरू कर दिया**

पंकज की बेटी ने घटना के बारे में बताया कि उनके पाटीदार रामजतन, अंकुल, सूरज और विशाल घर में घुस आए। आरोप है कि इन लोगों ने पहले उनके चाचा को कुदाल से पीटना शुरू कर दिया। चाचा को बचाने के लिए जब पंकज दौड़कर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और फिर उन्हें जबरन कमरे के अंदर ले जाकर गोली मार दी। सभी आरोपी पंकज के पाटीदार बताए जा रहे हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी अंकुल करीब 4–5 साल बाद रविवार को कार से अपने घर आया था। उसके साथ अन्य लोग भी मौजूद थे।

### कार्यशाला में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई

# विकसित भारत जी राम जी जनजागरण कार्यशाला

**तमसा संकेत, संवाददाता**





सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र के मटेहना में रविवार को विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के तहत एक जनजागरण कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार, स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यशाला में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत थीं, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा ने संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। कार्यशाला में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुषों ने भाग लिया, जिससे योजनाओं के प्रति उनकी जागरूकता और उत्साह दिखा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राजरानी रावत ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना का मूल उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि सरकार युवाओं को रोजगार, किसानों को आर्थिक मजबूती, महिलाओं को स्वावलंबन और श्रमिकों को आजीविका के स्थायी साधन उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसी कार्यशालाएं ग्रामीण समाज को जागरूक कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

कार्यशाला के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं, योजनाओं और उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि इस मिशन से गांवों में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण ने भी संबोधित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक देश का विकास अधूरा रहेगा। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाएं गांव, गरीब, किसान और मजदूर के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

## लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए गए

**तमसा संकेत, संवाददाता**

ललितपुर। जनपद ललितपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी एवं नाई ट्रेड का 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कल्याण सिंह सभागार, रामनगर, ललितपुर परिसर में किया गया।

समापन समारोह के अवसर पर लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनपद के नवयुवक एवं नवयुवतियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोहर लाल 'मन्नू' कोरी, माननीय राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवा योजन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राम रतन कुशवाहा, माननीय सदर विधायक, ललितपुर तथा श्रीमती क्षिप्रा शुक्ला, माननीय अध्यक्ष उपस्थित रहीं।



इसके साथ ही प्रशिक्षार्थियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं जैसे सीएम युवा अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) वित्त पोषण सहायता योजना के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि वे भविष्य में इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

**अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक, गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केट लिंकेज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी स्वरोजगार की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ सकेंगे।**

# शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीईओ सम्मानित

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मेरठ। उत्तर प्रदेश दिवस–2026 के अवसर पर जिला प्रशासन, मेरठ द्वारा एसीआईसी एमआईईटी मेरठ फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री प्रशांत कुमार गुप्ता को शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें नवाचार एवं उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त करने, एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा देने, छात्र नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा जमीनी स्तर पर नवाचार को सक्षम बनाने में उनके महत्वपूर्ण और सतत प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि एसीआईसी एमआईईटी मेरठ फाउंडेशन, अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा समर्थित एक प्रमुख इनक्यूबेशन केंद्र है, जो नवाचार आधारित शिक्षा एवं स्टार्टअप संस्कृति को नई दिशा दे रहा है। प्रशस्ति पत्र में डिज़ाइन थिंकिंग, समस्या-समाधान क्षमता एवं प्रौद्योगिकी आधारित अधिगम को शिक्षा प्रणाली से जोड़ने हेतु किए गए श्री गुप्ता के प्रयासों की विशेष सराहना की गई। साथ ही, युवाओं एवं छात्र नवप्रवर्तकों को नवाचार और स्टार्टअप की ओर प्रेरित कर "विकसित उत्तर प्रदेश – विकसित भारत 2047" के विजन में उनके योगदान को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर श्री प्रशांत कुमार गुप्ता ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें नवाचार आधारित शैक्षिक पहलों को और अधिक विस्तार देने, युवाओं के सशक्तिकरण तथा स्टार्टअप विकास के लिए निरंतर कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करता है।

**कार्रवाई :** वाराणसी पुलिस ने 8 संपतियां फ्रीज की, लगाए जब्तीकरण के पोस्टर

# कफ-सिरप मास्टरमाइंड के पिता की 30 करोड़ की संपत्ति जब्त

**तमसा संकेत, एजेंसी**



वाराणसी । वाराणसी के चर्चित कोडीन कफ सिरप मामले में पुलिस एक्शन मोड में है। रविवार को मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल की करीब 30 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई रविवार को वाराणसी पुलिस कर रही है। इससे पहले सोनभद्र पुलिस ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में दर्ज केस के तहत वाराणसी में उनकी 28.50 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। उस समय मकान पर मुनादी भी कराई गई थी। एसीपी रोहनिया संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि थाना रोहनिया में दर्ज मुकदमे में आरोपी भोला प्रसाद जायसवाल (पुत्र राम दयाल जायसवाल) ने कोडीन कफ सिरप की अवैध तस्करी से बड़ी मात्रा में पैसा कमाया था। इस अपराध से कमाई गई संपत्ति की कीमत करीब 30 करोड़ 52 लाख रुपये है। इसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत आज फ्रीज किया जा रहा है। इसमें कुल 8 संपतियां आज फ्रीज की जा रही है। रोहनिया पुलिस के साथ आवश्यक बल हमारे साथ मौजूद है। जांच के बाद इन संपत्तियों का खुलासा हुआ था जिन्हें आज फ्रिज किया जा रहा है। इस मुकदमें में शुभम जायसवाल, भोला जायसवाल, सौरभ त्यागी, शिवाकांत, स्वप्निल, दिनेश यादव, आजाद जायसवाल, महेश प्रधान और आशीष यादव आरोपी हैं। शुक्रवार सुबह 10 बजे सोनभद्र की विशेष टीम सिगरा थाने पहुंची। टीम में एक सीओ सिटी, 4 इंस्पेक्टर, एक महिला SI, 10 हेड कॉन्स्टेबल और 10 कॉन्स्टेबल शामिल थे। यहां थाने से टीम के साथ एसडीएम पिंडरा सुनीता गुप्ता भी साथ निकली। 11 बजे टीम कफ सिरफ के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल के आरोपी पिता भोला जायसवाल के महमूरगंज कॉम्पलेक्स पहुंची। यहां 23 करोड़ के कॉम्पलेक्स पर सील करने की कार्रवाई की गई। टीम करीब 12 बजे भोला जायसवाल के बादशाहबाग स्थित घर पहुंची। यहां घर पर पहले से ही ताला लटक रहा था। घर में कोई नहीं था। पुलिस ने इस घर को भी सीज करने की कार्रवाई की।




■ कमिश्नरेट की तरफ से घर पर की गई जब्त करने की कार्रवाई।

**वाराणसी में शुभम के घर को जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1,05,00,000 रुपये है। ये प्रापर्टी भोला जायसवाल की पत्नी शारदा जायसवाल व बेटी प्रगति जायसवाल के नाम से रजिस्टर्ड है।**

### पिता की 28 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क घर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सीज

इससे पहले बीते शुक्रवार को कफ सिरप मामले में सोनभद्र पुलिस ने वाराणसी में बड़ी कार्रवाई की थी। कफ सिरप के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल के आरोपी पिता भोला जायसवाल की 28 करोड़ 50 लाख की संपत्ति पर कुर्की की कार्रवाई की। सोनभद्र पुलिस की विशेष टीम ने कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की।

26 JANUARY
समस्त देशवासियों, जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार वर्मा
केंद्र प्रभारी, साधन सहकारी समिति
सुढियामऊ ब्लॉक सूरतगंज बाराबंकी

26 JANUARY
समस्त देशवासियों, जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
धर्मराज उर्फ बबलू वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मुकौली ब्लॉक सूरतगंज बाराबंकी


26 JANUARY
समस्त देशवासियों, जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिनेश कुमार यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत बल्लोपुर प्रथम विकास खंड सूरतगंज बाराबंकी

केएम हॉस्पिटल - स्वास्थ्य की राजधानी
मेरे बृजवासियों के लिए 77 वें गणतंत्र दिवस पर 77 रुपये में, OPD की सभी जांचें
26 एवं 27 जनवरी में
INDIA
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वस्थ मथुरा हेतु संकल्पित
किशन चौधरी
केएम मेडीकल कॉलेज एण्ड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
8477-000-180, 7055-505-130

आप सभी नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
1. जल अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहायें।
2. नगर पंचायत के सभी करों का भुगतान समय से करें। माह अप्रैल से अपना गृहकर व जलमूल्य आदि जमा कर विशेषकर छूट का लाभ उठायें।
3. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
4. सिंगल यूज प्लास्टिक शासन द्वारा प्रतिबन्धित कर दी गई है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है इनका उपयोग कदापि न करें।
5. कूड़ इधर-उधर न फेंके। गीले कूड़े के लिए हरे डस्टबिन तथा सूखे कूड़े के लिए नीले डस्टबिन का उपयोग करें।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में निकाय को उच्चतम अंक दिलाने के लिये गीला व सूखा कूड़ा पृथक-2 करते हुए निकाय की कूड़ा गाड़ी में डाले।
7. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु https://cmsvy.upsdc.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं।
मनीष कुमार
अधिशासी अधिकारी
समस्त सभासद
नगर पंचायत भोकरहेड़ी
सरलादेवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत भोकरहेड़ी, मुजफ्फरनगर

आप सभी नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
1. जल अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहायें।
2. नगर पंचायत के सभी करों का भुगतान समय से करें। माह अप्रैल से अपना गृहकर व जलमूल्य आदि जमा कर विशेषकर छूट का लाभ उठायें।
3. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
4. सिंगल यूज प्लास्टिक शासन द्वारा प्रतिबन्धित कर दी गई है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है इनका उपयोग कदापि न करें।
5. कूड़ इधर-उधर न फेंके। गीले कूड़े के लिए हरे डस्टबिन तथा सूखे कूड़े के लिए नीले डस्टबिन का उपयोग करें।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में निकाय को उच्चतम अंक दिलाने के लिये गीला व सूखा कूड़ा पृथक-2 करते हुए निकाय की कूड़ा गाड़ी में डाले।
7. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु https://cmsvy.upsdc.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं।

राजीव कुमार
अधिशासी अधिकारी
समस्त सभासद
नगर पंचायत चरथावल
मा. इस्लामुद्दीन
अध्यक्ष
नगर पंचायत चरथावल, मुजफ्फरनगर




# प्रधान प्रत्याशी की हत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर । गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह जमीन विवाद को लेकर एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। यह घटना सुबह करीब 9 बजे दुबौली गांव की है। गांव निवासी पंकज निषाद को 4-5 लोगों ने उसके घर में घुसकर गोली मार दी।

गोली लगते ही पंकज निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गोली मारने वालों की पहचान में पुलिस जुटी है। पंजक की बेटी ने बताया कि- हमारे पटीदार रामजतन, अंकुल, सूरज और विशाल ने घर में घुसे और पहले चाचा को कुदाल से पिटने लगे। चाचा को बचाने जब पापा दौड़कर गए तो उन्हें भी मारा और फिर अंदर कमरे में ले जाकर पापा को गोली मार दी। गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह जमीन विवाद को लेकर पंकज को गोली लगने की घटना सामने आई। सुबह करीब 9 बजे दुबौली गांव निवासी पंकज निषाद को एक युवक ने उसके ही घर में घुसकर गोली मार दी।

SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY
Established by U.P. Act No. 26 of 2010 and Recognized u/s 2(f) of UGC Act,1956
IIRF 2025 BEST UNIVERSITY
National Rank 16
State Rank 3
Changing lives forever.
ADMISSIONS OPEN for Session 2026-27
श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।
School of Engineering & Technology: Diploma in Engg. | B.Tech | M.Tech. BCA | MCA
School of Mass Communication: BA (JMC) | MA (JMC)
School of Commerce & Management: BBA | MBA | B.Com | M.Com
School of Library & Information Sciences: BLIS | MLIS
School of Humanities & Languages: B.A. | M.A.
School of Paramedical Sciences: Diploma in Emergency & Trauma Care Tech. Diploma in Operation Theatre Technician Diploma in Hospital Record Keeping
School of Pharmaceutical Sciences: D.Pharma | B.Pharma | M.Pharma
School of Law: B.A. LL.B. | LL.B. | LL.M.
School of App. Science: B.Sc. | M.Sc. (PCM/ZBC/Industrial Chemistry)
School of Education: B.Ed. | B.Sc. B.Ed. | B.A. B.Ed. | D.El.Ed.
School of Agriculture Science: B.Sc. (Agriculture) | M.Sc. (Agriculture)
School of Vocational Studies (B.Voc): Degree Courses (Para Medical, Agri. & Management) B.Voc (Technology) | B.Voc (HM)
School of Nursing: ANM | GNM | B.Sc. Nursing | M.Sc. Nursing Post Basic Nursing
Approvals and Accreditations
U.P. State Govt. INC NCTE UGC PCI MCI (NMC) AIU BCI UPSMF
Our Major Recruiters
NIIT wipro accenture ACC HCL Bata HDFC BANK ICICI Bank PEPSICO Reliance Jio GENPACT General Electric SHRIRAM PISTONS & RINGS LTD. Tech Mahindra APEX Services ESPERIENZATECH Nestlé
CAMPUS : NH-24, Venkateshwara Nagar, Rajabpur, Gajraula, U.P.-244236
MEERUT (Information Centre) : VGI Campus, NH-58 Delhi-Roorkee Bypass, Jatoli, Meerut
Admission Helpline : 7248500071, 8192997478, 8859500707, 8192999205

## आईसीसी ने चेतावनी दी ■ पाक ने बांग्लादेश के समर्थन में टूर्नामेंट से हटने के संकेत दिए

# पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्डकप छोड़ा तो पीएसएल की एनओसी छिनेगी

**चेतावनी**

नई दिल्ली, एजेंसी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, ICC बोर्ड पाकिस्तान को इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरी तरह अलग-थलग करने की तैयारी में है। उसे भविष्य की सभी द्विपक्षीय (Bilateral) सीरीज और एशिया कप से बाहर कर सकता है।

ICC बोर्ड के सदस्यों के बीच ऐसी पॉलिसी लाने पर विचार हो रहा है, जिससे विदेशी खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) में हिस्सा न ले सकें। इसके लिए संबंधित देशों के क्रिकेट बोर्ड अपने खिलाड़ियों को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) देना बंद कर सकते हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब PCB चीफ मोहसिन नकवी ने बांग्लादेश का समर्थन करते हुए टूर्नामेंट से हटने के संकेत दिए। दरअसल, बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर भारत में वर्ल्ड कप खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद ICC ने शनिवार को बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। मोहसिन नकवी ने कहा था, ICC ने बांग्लादेश के साथ गलत व्यवहार किया। हम अब सरकार के फैसले का इंतजार कर रहे हैं, अगर उन्होंने मना कर दिया तो हम भी टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे।मोहसिन नकवी ने द डॉन वेबसाइट को बताया- ICC की मीटिंग में भी मैंने इस मुद्दे को उठाया। आप किसी के साथ दोहरा व्यवहार नहीं अपना सकते। यहां एक देश को उसकी मर्जी का वेन्यू मिल जाता है, लेकिन दूसरे देश को हटाया जाता है। पाकिस्तान बोर्ड बांग्लादेश के साथ खड़ा है। हमारा कहना साफ है कि जब आप पाकिस्तान और भारत को न्यूट्रल वेन्यू दे सकते हो तो बांग्लादेश को क्यों नहीं।

नकवी ने कहा- हम प्रधानमंत्री के लौटने का इंतजार कर रहे हैं। तभी हम फैसला लेंगे कि वर्ल्ड कप खेलना है या नहीं।



■ पाकिस्तान और भारत टी-20 वर्ल्ड कप के एक ही ग्रुप में हैं। दोनों 15 फरवरी को ग्रुप लीग में कोलंबो में आपस में भिड़ेंगे।

**बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग थी कि उनके प्लेयर्स को भारत में खतरा है, इसलिए उनकी टीम के मैच श्रीलंका में कराए जाएं। आईसीसी ने सुरक्षा में कोई कमी नहीं बताई और बांग्लादेश को भारत में ही खेलने की हिदायत दी। बांग्लादेश फिर भी खेलने के लिए नहीं माना, इसलिए आईसीसी ने उन्हें यूरोपियन टीम से रिप्लेस कर दिया**

### बांग्लादेश की मांग 14 देशों ने खारिज की

बांग्लादेश ने भारत में सुरक्षा का हवाला देते हुए अपने मैच श्रीलंका में कराने और ग्रुप बदलने की मांग की थी। गुरुवार को हुई ICC बोर्ड की मीटिंग में 16 में से 14 देशों ने बांग्लादेश की इस मांग को खारिज कर दिया था। ICC ने बांग्लादेश को फैसला बदलने के लिए एक दिन का समय दिया था, लेकिन उनके न मानने पर उन्हें यूरोपियन टीम (स्कॉटलैंड) से रिप्लेस कर दिया गया।



■ पाकिस्तान और भारत टी-20 वर्ल्ड कप के एक ही ग्रुप में हैं। दोनों 15 फरवरी को ग्रुप लीग में कोलंबो में आपस में भिड़ेंगे।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को 5 विकेट से दूसरा वनडे हराया

## जो रूट की फिफ्टी, 2 विकेट भी लिए

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड ने श्रीलंका को दूसरा वनडे 5 विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। कोलंबो में शनिवार को पहले बैटिंग करते हुए होम टीम ने 219 रन बनाए। इंग्लिश टीम ने 46.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

श्रीलंका ने लगातार विकेट गंवाए

आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने बैटिंग चुनी। कमिल मिशारा 5 ही रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद पाथुम निसांका 26, धनंजय डी सिल्वा 40, विकेटकीपर कुसल मेंडिस 26, कप्तान चरिथ असलंका 45, जनिथ लियानागे 12, पवन रत्नायके 29 और दुनिथ वेल्लालागे 20 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका 49.3 ओवर में 219 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए जैमी ओवरटन, आदिल रशीद और जो रूट ने 2-2 विकेट लिए। लियम डॉसन, विल जैक्स और रेहान अहमद को 1-1 विकेट मिला। सैम करन और जैकब बेथेल कोई विकेट नहीं ले सके।



220 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड ने छठे ओवर में नए ओपनर रेहान अहमद का विकेट गंवा दिया। वे 13 रन ही बना सके। बेन डकेट ने फिर जो रूट के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली, लेकिन वे 39 रन बनाकर ही आउट हो गए। जैकब बेथेल भी 6 रन ही बना सके।

रूट ने फिर फिफ्टी लगाई और कप्तान हैरी ब्रूक के साथ टीम को 178 तक पहुंचा दिया।

# अंडर-19 वर्ल्डकप में भारत की लगातार तीसरी जीत

## न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया, आयुष म्हात्रे की फिफ्टी, अंबरीश को 4 विकेट

बुलावायो, एजेंसी

भारत ने जिम्बाब्वे के बुलावायो में चल रहे अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। टीम ने शनिवार को न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने 130 रन का संशोधित लक्ष्य 13.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 27 बॉल पर 53 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। आयुष के अलावा, वैभव सूर्यवंशी ने 23 बॉल पर 40 रन बनाए। उन्होंने 2 चौके और 3 छक्के लगाए। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हुई।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 36.2 ओवर में 135 रन पर ऑलआउट हो गई। आरएस अंबरीश ने 4 विकेट झटके। जबकि हेनिल पटेल को 3 विकेट मिले। न्यूजीलैंड से कैलम सैमसन ने नाबाद 37 और सेल्विन संजय ने 28 रन की पारियां खेलीं। दोनों ने 8वें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। न्यूजीलैंड ने भारत को 136 रन का टारगेट दिया था, जिसे रिवाइज्ड करके 130 रन कर दिया गया। क्योंकि, बारिश के कारण मैच देरी से शुरू हुआ। फिर इसे रोकना भी पड़ा था।



वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में सरफराज खान को पीछे छोड़ दिया है। वैभव अब छठे नंबर पर हैं। वैभव के नाम 1087 रन हो गए हैं। जबकि सरफराज के नाम 1080 रन हैं।

14वें ओवर की तीसरी बॉल पर वेदांत त्रिवेदी ने एक रन लेकर भारत को 7 विकेट की जीत दिला दी।

10वें ओवर में भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे फिफ्टी बनाकर आउट हो गए। उन्होंने सेल्विन संजय की शुरुआती दो बॉल पर दो छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी की। फिर 5वीं बॉल पर फ्लिन मोरे को कैच थमा बैठे। उन्होंने 53 रन बनाए।

### आर्यना बालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

नई दिल्ली। डिफेंडिंग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-1 बेला रूस की आर्यना सबालेंका और मेंस सिंगल्स के वर्ल्ड नंबर-1 ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। रविवार को मेलबर्न के रॉड लेवर एरेना में खेले गए चौथे राउंड के मुकाबले में उन्होंने कनाडा की 19साल की खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको को 6-1, 7-6(1) से हरा दिया। इस जीत के साथ ही सबालेंका ने लगातार चौथी बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। मैच के दौरान सबालेंका ने अपना दबदबा दिखाते हुए लगातार 22वां टाईब्रेकर जीतने का अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वहीं, कार्लोस अल्काराज ने रविवार को मेलबर्न पार्क के रॉड लेवर एरेना में खेले गए चौथे दौर के मुकाबले में अमेरिका के टॉमी पॉल को 7-6(6), 6-4, 7-5 से मात दी। इस जीत के साथ ही अल्काराज टूर्नामेंट में अब तक खेले गए सभी 12 सेट जीतने में कामयाब रहे हैं।

## सलमान आगा कप्तान, 6 खिलाड़ियों को पहली बार मौका दिया

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

लाहौर, एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम का ऐलान कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने रविवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस में 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। इसमें PCB हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर और पुरुष चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद, पाकिस्तान के T20 कप्तान सलमान अली आगा और व्हाइट-बॉल हेड कोच माइकल जेम्स हेसन मौजूद रहे। सलमान अली आगा को कप्तान बनाया गया है। जबकि बाबर आजम, फखर जमान और शाहीन शाह अफरीदी जैसे सीनियर्स को भी चुना गया है। पाकिस्तानी टीम पहला मैच 7 फरवरी को कोलंबो में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगी। 20 टीमों वाले इस टूर्नामेंट में हर टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी। इसके बाद सुपर-8 और नॉकआउट स्टेज खेले जाएंगे। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत के साथ रखा गया है।



**वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20आई सीरीज खेलेगी। यह सीरीज गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर में 29 और 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को खेली जाएगी। टीम का तैयारी कैंप आज से शुरू हो रहा है।**

**पाकिस्तान का स्क्वॉड**

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान (विकेटकीपर) और उस्मान तारीक।

### 6 खिलाड़ियों को पहली बार वर्ल्ड कप का मौका

इस टीम में 6 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें पहली बार वर्ल्ड कप के लिए चुना गया है। इनमें फहीम अशरफ, ख्वाजा मोहम्मद नफे, मोहम्मद सलमान मिर्जा, साहिबजादा फरहान और उस्मान तारीक शामिल हैं। अबरार अहमद, बाबर आजम, फखर जमान, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, साइम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान और उस्मान खान 2021 के बाद से एक या उससे अधिक T20 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं।

## मनोरंजन

# ‘हम साथ-साथ हैं फिल्म के जैसा है खान परिवार’

## सोहेल की एक्स वाइफ सीमा सजदेह बोलीं- मुश्किल दौर में सलमान ने साथ दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

फैशन डिजाइनर, स्टाइलिस्ट सीमा सजदेह और सोहेल खान का भले ही कुछ साल पहले तलाक हो चुका हो, लेकिन आज भी सीमा खान परिवार का अहम हिस्सा हैं। करीब दो दशकों तक शादीशुदा रहने के बाद आपसी मतभेदों के चलते दोनों अलग हुए, लेकिन इस पूरे दौर में खान परिवार ने सीमा का पूरा साथ दिया।

हाल ही में सीमा सजदेह उषा काकड़े प्रोडक्शंस के पॉडकास्ट का हिस्सा बनीं। यहां पर उन्होंने अपने मुश्किल समय को याद किया। साथ ही उन्होंने बताया कि न सिर्फ सलमान खान बल्कि पूरा खान परिवार उनके साथ मजबूती से खड़ा रहा। जब पॉडकास्ट की होस्ट ने सीमा से पूछा कि क्या तलाक के दौरान सलमान ने उन्हें सपोर्ट किया था? इसके जवाब में सीमा ने कहा- “सलमान ने मुझसे कहा था, तुम लोग साथ रहो या अलग हो जाओ, लेकिन तुम हमेशा इन बच्चों की मां रहोगी। यह बात मेरे दिल में बस गई।”

सीमा आगे बताती हैं कि परिवार का सपोर्ट सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं था। उन्होंने कहा- “जब सोहेल और मेरे बीच झगड़े होते थे, तब भी कई बार परिवार मेरे पक्ष में खड़ा रहता था। आज भी वे बच्चों की जिम्मेदारी में मेरी मदद करते हैं। योहान अब टीनएजर है और अगर कभी मुझे उसे लेकर मदद चाहिए होती है, तो मैं बिना झिझक सोहेल की बहन या भाई के पास जा सकती हूं।” तलाक के बाद सोहेल के साथ अपने रिश्ते पर बात करते हुए सीमा ने माना कि शुरुआती समय भावनात्मक रूप से बेहद कठिन था।

सीमा कहती हैं- “एक वक्त ऐसा था जब हम दोनों एक-दूसरे से नाराज थे। लेकिन मैंने अपनी जिंदगी के 25 साल उसके साथ बिताए हैं। हमारे बच्चे हैं। वह हमेशा पिता रहेगा और मैं मां। यही रिश्ता हमें जिंदगी भर जोड़ता है।”





### ‘ये लोग हमेशा साथ रहते हैं’

खान परिवार में अपनी जगह को लेकर सीमा ने बेहद भावुक अंदाज में कहा- “जब मैंने इस परिवार में शादी की थी, तो सच में लगा था जैसे मैं हम साथ-साथ हैं के सेट पर आ गई हूं। ये लोग हमेशा साथ रहते हैं। मुझे कभी बाहरी महसूस नहीं कराया गया। हाल ही में मेरी मुलाकात सोहेल की मां से हुई, जिन्हें मैं आज भी सास ही कहती हूं। उन्होंने मुझसे कहा कि घर आया करो, तुम्हारा इंतजार रहता है। सीमा ने तलाक के बाद सोशल मीडिया ट्रोलिंग और पब्लिक जजमेंट पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा- “बॉलीवुड में टिके रहने के लिए बहुत ढीठ और मोटी चमड़ी होना चाहिए। मुझे सबसे ज्यादा तकलीफ तब हुई जब लोगों ने मुझे गोल्ड डिगर कहा। कहा गया कि मैं पैसे लेकर चली गई। यह बहुत दर्दनाक था।”



**बता दें कि सीमा सजदेह ने साल 1998 में महज 22 साल की उम्र में सोहेल खान से शादी की थी। पहले दोनों की आर्य समाज रीति से शादी हुई, फिर निकाह हुआ।**

**करीब 25 साल की शादी के बाद दोनों 2022 में अलग हो गए। साल 2024 में 'फैबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स' में सीमा ने बताया था कि तलाक के बाद वह आगे बढ़ चुकी हैं और बिजनेसमैन विक्रम आहूजा को डेट कर रही हैं।**

## बॉक्स ऑफिस पर हिट हुई थी ऐश्वर्या राय की फिल्म, ऐश्वर्या रिजेक्ट करतीं तो डायरेक्टर नहीं बनाते फिल्म

# बिना ऐश्वर्या राय के नहीं बनती ये ब्लॉकबस्टर फिल्म



नई दिल्ली। कुछ फिल्में यादगार बन जाती हैं और इसकी वजह किरदारों में डूबे कलाकार होते हैं। एक दशक पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो बिना ऐश्वर्या राय (Aishwarya Rai) के बन ही नहीं पाती। फिल्ममेकर ने साफ कहा था कि अगर ऐश्वर्या इस मूवी को रिजेक्ट कर देतीं तो वह इसे नहीं बनाते।

इस फिल्म में ऐश्वर्या राय का अलग ही अवतार देखने को मिला जिसने उन्हें विवादों में भी डाल दिया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपर-डुपर हिट रही थी, लेकिन उस वक्त फिल्म से ज्यादा चर्चा ऐश्वर्या की निजी जिंदगी में चल रही उथल-पुथल थी। साल 2016 में करण जौहर ने फिल्म के प्रमोशन के दौरान कहा था कि 'ऐ दिल है मुश्किल' को बिना रणबीर कपूर (Ranbir Kapoor) या अनुष्का शर्मा (Anushka Sharma) के फिल्म बना देते, लेकिन उन्हें सबा के किरदार के लिए सिर्फ और सिर्फ ऐश्वर्या ही चाहिए थीं। कोमल नाहटा को दिए इंटरव्यू में करण जौहर ने कहा था-रणबीर ना कहता तो मेरा सॉल्यूशन था, अनुष्का ना कहती तो मेरा ऑप्शन था। ऐश्वर्या के लिए मेरे कोई ऑप्शन नहीं थे। अगर वो ना करती तो मैं पिक्चर नहीं बनाता। क्योंकि वह जो रोल था सबा वाला... वो सिर्फ ऐश्वर्या ही कर सकती थीं। आप जब पिक्चर देखोगे तो आप भी मुझे कास्टिंग नहीं दे पाओगे।

### बिना ऐश्वर्या के नहीं बनती ये फिल्म

जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो 2016 में रिलीज हुई 'ऐ दिल है मुश्किल' (Ae Dil Hai Mushkil) है। इस फिल्म का निर्माण और निर्देशन करण जौहर (Karan Johar) ने किया था। उन्होंने बताया था कि आखिर क्यों वह बिना ऐश्वर्या राय के यह फिल्म नहीं बनाना चाहते थे।



### ओडिया संगीतकार-गायक अभिजीत मजूमदार का निधन

नई दिल्ली। ओडिया संगीतकार और गायक अभिजीत मजूमदार का रविवार को कार्डिएक अरेस्ट आने के बाद निधन हो गया। वो भुवनेश्वर के AIIMS अस्पताल में एडमिट थे। उन्होंने तीन दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में काम किया और 700 से ज्यादा गानों को कंपोज किया था। PTI की रिपोर्ट के मुताबिक, मजूमदार को रविवार सुबह 7:43 बजे कार्डिएक अरेस्ट आया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत सीपीआर देना शुरू किया, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और उन्हें सुबह 9:02 बजे मृत घोषित कर दिया गया। 54 साल के मजूमदार को पिछले साल 4 सितंबर को हाई ब्लड प्रेशर, थायरॉयड की बीमारी और लिवर की समस्या के कारण AIIMS भुवनेश्वर में भर्ती कराया गया था। लंबे समय तक आईसीयू में इलाज चलने के बाद उन्हें 10 नवंबर को सामान्य वार्ड में शिफ्ट किया गया था।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**
**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**

